
क्रेन से आटो को हटाकर यातायात सुचारू करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और आटो और नीचे पड़े घायल। अमृत विचार


दुर्घटना के बाद पहुंचे लोगों ने की यात्रियों को निकालने की जद्दोजहद। अमृत विचार

# ज्यादा चक्कर और सवारियों की होड़ ने लील लीं सात जिंदगियां

## अष्टमी, अमावस्या और अन्य पर्वों पर ज्यादा कमाने की ललक, यातायात पुलिस भी बेबस आती नजर

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में बेतहाशा दौड़ते टेंपो-आटो और ई-रिक्शा अब खतरा बनते जा रहे हैं। युवाओं और नाबालिगों के नौसिखिया हाथों में स्टेयरिंग बेगुनाहों की मौत की वजह है। लोगों में इस बात की चर्चा रही कि कृष्ण अष्टमी पर ज्यादा से ज्यादा सवारियां ढोने और कई चक्कर लगाने की होड़ में सात लोगों को जिंदगी से हाथ धोना पड़ गया।

गौरतलब है कि तीर्थक्षेत्र में इधर टेंपो-आटो और ई-रिक्शा की संख्या तेजी से बढ़ी है। स्टेशन और बस स्टैंड से मानक से ज्यादा सवारियां ढोना अब इनके चालकों की आदत बन चुकी है। यातायात पुलिस का अंकुश भी कारगर साबित नहीं होता, जबकि अक्सर हाईवे पर चेकिंग नजर आती है। दुर्घटनाग्रस्त आटो में भी मानक से ज्यादा सवारियां बैठी थीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक टेंपो को बेतहाशा चला रहा था। और शायद यही दुर्घटना की वजह बन गया।

दुर्घटनास्थल से बमुश्किल आधा किमी की दूरी पर पवन चौराहे पर भी इसने एक ट्रक को ओवरटेक किया था। तब वहीं बैठे कुछ लोगों ने इसे देखकर आपस में तेज रफ्तार की चर्चा भी की थी। मंगलवार को चैत्र मास की कृष्णाष्टमी की वजह से तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में टेंपो और ई-रिक्शाचालकों में रेलवे स्टेशन से तीर्थक्षेत्र रामघाट तक श्रद्धालुओं को ले जाने की होड़ रहती है। ये ज्यादा से ज्यादा कमाने के चक्कर में तेज रफ्तार से चलते हैं, जिससे कई चक्कर लग जाएं। अमावस्या हो या कोई अन्य पर्व वाहनचालकों की इस निरंकुशता से अक्सर छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बाहर से आने वाले यात्रियों से अभद्रता और मनमाना किराया वसूलना भी चिंता का विषय है। रेलवे स्टेशन पर आटो, टेंपो और ई-रिक्शाओं की गति और संख्या पर अंकुश न लगा तो आने वाले समय में यह और दुर्घटनाओं का समय बने तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।


दुर्घटनाग्रस्त टेंपो से घायलों को निकालते लोग। अमृत विचार


हाईवे में असमान रूप से बना नाला और फुटपाथ। अमृत विचार


निर्भय का शव ले जाते उसके परिजन।


धर्मेंद्र और उसकी बहन निधि।

### जवान बेटों की मौत से परिजनों में हाहाकार

दुर्घटना में मृत लगभग सभी युवा हैं। पोस्टमार्टम हाउस में जब इनके परिजन पहुंचे तो वहां का माहौल गमगीन हो गया। परिजनों के विलाप से हर किसी की आंख नम हो गई। निर्भय के परिजनों ने बताया कि वह खेतीबाड़ी और जेसीबी चलाकर खर्च चलाता था। दो भाइयों में छोटा निर्भय पुरानी बाजार में अपने रिश्तेदार के कंप्यूटर सेंटर से घर जा रहा था कि हादसे का शिकार हो गया। बेड़ी पुलिया निवासी सूरज भी तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। वह ठेकेदार के साथ रहकर काम करता था। कन्नौज निवासी अनिरुद्ध बीडीओ का चालक और अतर सिंह फालोवर बताए जाते हैं। दोनों अपने एक अन्य मित्र अखिलेश के साथ तीर्थक्षेत्र आए थे और हादसे में जान गंवा बैठे।


अखिलेश यादव।


अनिरुद्ध।


सूरज।


निर्भय।


अतर सिंह।

### ट्रक चालक भाग निकला

टीआई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रक भरथौल निवासी विनोद कुमार का था। ट्रक में क्रशर डस्ट लदी थी। दुर्घटना के बाद चालक भाग निकला।


हमीरपुर निवासी भाई-बहन के परिजन। अमृत विचार


कन्नौज से आए मृतकों के परिजन। अमृत विचार

## ऊबड़-खाबड़ सड़क बनी दुर्घटना की वजह

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** लोगों ने बताया कि हादसे की एक वजह हाईवे की ऊबड़- खाबड़ सतह भी है। पहले बेड़ीपुलिया से पुल तक बना टेढ़ामेढ़ा नाला और फिर इसके बाद यहां बनाए गए कथित फुटपाथ ने सड़क को पूरी तरह से खराब करके रख दिया। नाले को लेकर लोगों ने बहुत आपत्ति जताई पर कुछ नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि नाला सड़क से इतना ऊंचा है कि दुर्घटना के दौरान वाहनों के चालक चाहकर भी सड़क से उतरकर किनारे न जाए पाए और इतना बड़ा हादसा हो गया।


पोस्टमार्टम हाउस में खड़ीं एंबुलेंस।

### चेकिंग में और की जाएगी सख्ती:एसपी

टेंपो और ई-रिक्शा की भीड़ और चालकों की अधाधुंध गति से चलाने की वजह से दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। कई बार तो इन वाहनों में नाबालिग भी चालक के रूप में दिख जाते हैं। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि समय-समय पर चेकिंग की जाती है और चालान भी किए जा रहे हैं। इसके बाद भी हादसे होने चिंताजनक हैं। बताया कि चेकिंग में और सख्ती बरती जाएगी।

### बाईपास बने और वाहनों की गतिसीमा तय हो


ट्रक और ऑटो की भिड़ंत में सात लोगों की मौत पर बुंदेली सेना ने गहरी शोक संवेदना जताई है। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने मुख्यमंत्री से मृतकों के परिजनों को 10- 10 लाख की आर्थिक सहायता और घायलों को पांच-पांच लाख की मदद देने का अनुरोध किया। अजीत ने कहा कि अनियंत्रित स्पीड में ट्रक और टेंपो-आटो आदि गुजरते हैं, कोई देखने वाला नहीं है। कर्वी नगर से लेकर बेड़ी पुलिया तक नो इंट्री खुलने पर एक दूसरे को ओवरटेक करते ट्रक मनमानी गति से गुजरते रोज देखे जा सकते हैं। बस्ती के बीच गति सीमा निर्धारित होनी चाहिए। जब तक शहर में बाईपास का निर्माण नहीं होता, दुर्घटना की समस्या बनी रहेगी।

## सार-संक्षेप

### वीडियो सामने आने के बाद भी चोर पुलिस की गिरफ्त से दूर

**चित्रकूट।** जिले में चोरों के हौसले बुलंद हैं। हाल फिलहाल में हुई चोरियों का खुलासा न होने से पुलिस की सक्रियता पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। कोतवाली अंतर्गत रानीपुर भट्ट में एक ठेकेदार के घर में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश अभी तक नहीं हो सका। इस घटना में चोरों का वीडियो सामने आने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। आशुतोषनगर, रानीपुर भट्ट निवासी प्रदीप मणि पुत्र रामनरेश तिवारी ने बताया कि 24 मार्च को वह निजी काम से परिवार के साथ प्रयागराज गया था। 26 मार्च को पड़ोसी ने सूचना दी कि घर के मेन गेट का ताला खुला है। इस पर उसने कर्वी में ही रहने वाले अपने भाई और पिता को देखने के लिए घर भेजा। इन लोगों ने पाया कि आलमारी, दीवान, बक्सा आदि का सामान बिखरा पड़ा है। चोर गहने और लगभग दो लाख रुपये ले गए थे। उसने इस संबंध में 26 मार्च को ही रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद भी अब तक चोरी का खुलासा नहीं हो पाया। प्रदीप ने बताया कि घर के बगल में पड़ोसी के यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरा घटनाक्रम कैद हो गया है। इसमें मुंहबाधे चार युवा चोर दिखते हैं। एक जहां इधरउधर निगाह रखे है, वहीं तीन दरवाजे का ताला तोड़ रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस चोरों का अभी तक सुराग नहीं लगा पाई है।


सीसीटीवी फुटेज में नजर आते चोर।


कार्यक्रम की शुरुआत करते ट्रस्टी। अमृत विचार

### डेढ़ लाख मरीजों के नेत्रों को मिली रोशनी

**सीतापुर (चित्रकूट)।** जानकीकुंड स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय ने आंखों के आपरेशन में कीर्तिमान बनाया है। अस्पताल में वर्ष 2023 में 1.55 लाख मरीजों की आंखों का आपरेशन कर उनको नई ज्योति दी गई। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वाधान में मंगलवार को नव लेखावर्ष 2024-25 के पहले दिन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत संत रणछोड़दास के चित्र के समक्ष पूजन से हुआ| ट्रस्टी डॉ. बीके जैन, उषा जैन एवं इलेश जैन ने विभाग प्रमुखों को लेखा पुस्तिकाओं का वितरण किया| इलेश ने बताया कि 2023-24 में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा रिकार्ड ऑपरेशन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। इस वर्ष 7000 से अधिक सामुदायिक नेत्र शिविर लगाए गए एवं 19.29 लाख लोगों तक चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई| कार्यक्रम में डॉ. राजपूत, पूनम अडवानी, राजेश जोशी, राकेश शाक्या, नरेंद्र पाटीदार, नवजोत अहलुवालिया, गौतम परमार और डॉ.आशीष बजाज आदि मौजूद रहे।

### आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों के लिए एप

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि चुनाव आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार जिले में मतदान 20 मई को होगा। आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतें दर्ज किए जाने के लिए आयोग ने सी-विजिल ऐप की सुविधा दी है। डीएम ने मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे शिकायतें इस ऐप पर दर्ज कराएं।

### सुविधा...


आखिरकार चित्रकूटधाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए बनी टंकी के खुली रहने की बात वायरल होने के बाद यहां नया वाटर कूलर लगा दिया गया। स्टेशन मास्टर ने बताया कि वाटर कूलर बनाने के लिए टंकी का ढक्कन खोला गया था। इसी दौरान किसी ने फोटो खींचकर वायरल कर दिया था। बताया कि इस मामले में एक जेई चंद्रभान निवासी महोबा को निलंबित कर दिया गया है।

## पति की हत्यारोपी गिरफ्तार सहयोगियों के भी नाम बताए

चित्रकूट कार्यालय

- पति को मारकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी

**अमृत विचार।** पुलिस ने पति की हत्या करने की आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस पर आरोप है कि इसने कुछ अन्य लोगों के साथ पति को मार डाला था और फिर उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया था। पुलिस के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी तथा उनकी टीम द्वारा अपने पति की हत्या कर शव को फंदे से लटकाने की आरोपी अभियुक्ता निशा देवी पत्नी स्व0 दीपक कुमार निवासी अरछा बरेठी थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

अरछा बरेठी निवासी एक व्यक्ति ने 29 मार्च को सरधुआ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहू ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र को गला दबाकर मार डाला और आत्महत्या का रूप देने के लिये फांसी पर लटका दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से एफआईआर में किया गए कथन की पुष्टि होने पर प्रभारी निरीक्षक और उनकी टीम ने मंगलवार को नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला ने अपना अपराध कुबूला है और सह आरोपियों के बारे में भी बताया है। साक्ष्य संकलन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम में एसआई शिवमणि पांडेय, आरक्षी शक्ति सिंह, रचना प्रजापति शामिल रहीं।

## मतदान में वैकल्पिक पहचान पत्र की सुविधा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र न होने पर वैकल्पिक पहचान पत्र की सुविधा दी है। मतदान के दौरान मतदाता को आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/ डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/ राज्य सरकार /लोक उपक्रम /पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों /विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी, यूडी आईडी कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर मतदान केंद्र पर जाएं और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। यदि कोई भी आराजक तत्व मतदान को प्रभावित करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन | बांटी गई बूंदी और ठंढई, भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

# बूढ़े हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल पर भक्तों ने की पूजा-अर्चना

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र के मंदिरों में मंगलवार को बुढ़वा मंगल की धूमधाम रही। हनुमानजी के मंदिरों में पूजापाठ का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

मंदाकिनी नदी तट पर स्थित दक्षिणमुखी बूढ़े हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल पर सुबह से ही पूजन भजन संकीर्तन शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। मंदिर को फूलों से सजाया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और शाम को महाआरती के बाद भांग, ठंडई और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। पुजारी रामजीदास ने बताया कि होली के बाद मंगल को बुढ़वा मंगल पिछले कई दशकों ही बूडे हनुमान मंदिर में मनाया जाता है। इस वर्ष भव्य तरीके से आयोजन को भक्तों ने मनाया है। मंदिर और परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई। सुबह से ही भक्तों ने दर्शन पूजन और संगीतमयी अखंड संकीर्तन किया, जो देररात्रि तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने जय बजरंगी, जय श्रीराम के जयकारे लगाए। हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ भी किया गया।

बताते हैं कि लगभग पांच सौ वर्ष पूर्व बूढ़े हनुमानजी की स्थापना हुई थी। मूर्ति मंदाकिनी नदी में डूबी हुई मिली थी जिसे बाद में नदी के नजदीक ही टीले पर स्थापित कर दिया गया था। नदी में डूबे मिले इसलिए वह बूढ़े हनुमान कहलाए। इस मौके पर महंत रामहृदयदास, गंगा आरती के पुजारी केशरी तिवारी, आनंद सिंह पटेल, हेमू तिवारी, विक्की अग्रवाल, अजीत सिंह, जगदंबिका पाठक, सतीश मिश्रा, रामकुमार कुशवाहा आदि मौजूद रहे।


कथावाचक आचार्य तरंग।


मंदिर में भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### मनाया गया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**मऊ।** कस्बे में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य तरंग ने अजामिल की कथा सुनाकर सीख दी कि भगवान के नाम का बहुत बड़ा प्रभाव है, जिससे अजामिल जैसे पापी भी तर जाते हैं। इस दौरान भगवान राम के जन्म और विवाह का प्रसंग सुनाया। दिवस की कथा समापन के बाद बड़ी धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्य यजमान जय नारायण अग्रहरि पत्नी कुसुम देवी व सहयोगी आचार्य देवेंद्र तिवारी, सत्यम शुक्ला, किशन तिवारी मौजूद रहे। व्यवस्था में मनोज कुमार, संतोष अग्रहरि, रमाशंकर त्रिपाठी, दयाशंकर त्रिपाठी, अमित तिवारी, लाला गुप्ता का योगदान रहा।

## दाखिल-खारिज कराने में आ रही दिक्कत

**चित्रकूट।** अग्रहरि समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश अग्रहरि ने दाखिल खारिज में होने वाली दिक्कत के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। लवकुश ने बताया कि राजापुर तहसील के सिकरी सानी गांव में जमीन की रजिस्ट्री तो हो रही है पर दाखिल खारिज की प्रक्रिया नहीं हो पा रही। उनको कहना है कि जब बैनामा पुरानी खतौनी से हो रहा हो तो दाखिल खारिज भी इसी से होनी चाहिए पर ऐसा नहीं किया जा रहा। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में हुई रजिस्ट्री का अभी तक दाखिल खारिज नहीं किया गया। जब इस संबंध में तहसील कार्यालय से जानकारी ली जाती है तो बताया जाता है कि जबतक खतौनी फीड नहीं होगी, दाखिल खारिज नहीं हो सकेगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# बीपीएमआईसी में मेधावियों ने दिखाया प्रतिभा का दम

कार्यालय संवाददाता, बांदा


परीक्षाफल वितरित करते अतिथि। अमृत विचार

● उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अभिभावकों के साथ किया गया सम्मानित

**अमृत विचारः** शहर के श्रीनाथ बिहार स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया और विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्यावर्त बैंक के एजीएम मनोज कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि आर्यावर्त बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक व विद्यालय के संरक्षक रामलखन कुशवाहा और विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

मंगलवार को घोषित किए गृह परीक्षा के परीक्षाफल के अनुसार कक्षा एक ए में अरुनिता, अविका, गुरुतेज, कक्षा एक बी में राधिका, आद्रिका, समर सिंह गौर, कक्षा दो में अनुष्का सिंह, आंशी, अंबिका, कक्षा तीन में अंश कुशवाहा, संगम कुमार यादव, हर्षवर्धन सिंह, कक्षा चार में ज्योति कुशवाहा, आयुष कुशवाहा, कनिका ने पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर कब्जा किया। ऐसे ही कक्षा पांच में आर्यन, अक्षरा व श्रेया, कक्षा छह में रिया, देवेश सिंह, सुमित कुशवाहा, कक्षा सात में शिवम कुशवाहा, सूरज व श्लोक मिश्रा और कक्षा आठ में दीपा, आशुतोष व प्रशांत सिंह तोमर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी तरह कक्षा नौ में आकांक्षा, ब्रजराज यादव व सुमित कुमार और कक्षा 11 में शिवम गिरि, विवेक सिंह व लक्ष्मी कुशवाहा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं आकांक्षा सिंह और आशुतोष सिंह ने 99 फीसदी से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में कुल पंजीकृत छात्रों की संख्या 1027 है। मुख्य अतिथि मनोज कुमार गुप्ता ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया और हमेशा सफलता के लिए प्रयासरत रहने की सीख दी। विद्यालय के संरक्षक रामलखन कुशवाहा ने बच्चों को अच्छी शिक्षा और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कम अंक लाने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें अपनी कमियों को दूर करने की नसीहत दी।

# बजरंग इंटर कालेज में रिजल्ट की घोषणा

**बांदा।** शहर के आदर्श बजरंग इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश पांडेय ने वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट का ऐलान किया व सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं। बताया कि कक्षा छह में देवेंद्र कुमार, कक्षा सात में चिराग कुमार, कक्षा आठ में इशांत समुद्रे, कक्षा 9ए में सुमित राजपूत, 9बी अनुज कुमार, 9सी में अभिषेक, 9डी में दुर्गेश अवस्थी, 9ई में संजय, 9एफ में नीरज और 9जी में विष्णु ने अव्वल स्थान हासिल किया है। इसी तरह कक्षा 11ए में कुलदीप, 11बी में रोहित शर्मा, 11सी में इरफान, 11डी-1 में अनुराग, 11डी-2 में विकास साहू, 11ई में अनुज द्विवेदी, 11एफ में राहुल, 11जी-1 में शिवओम और 11जी-2 में विमल यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश पांडेय, उप प्रधानाचार्य मंगल प्रसाद समेत सभी कक्षाध्यापकों ने कक्षा में स्थान पाने वाले बच्चों को शील्ड व अंक पत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 3 अप्रैल से नवीन सत्र आरंभ हो जाएगा। कक्षा छह से नौ तक के लिए प्रवेश छह अप्रैल से शुरू हो जाएंगे। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी सतेंद्र कुमार, अखिलेश शुक्ला आदि रहे।


परीक्षाफल के साथ मेधावी बच्चे। अमृत विचार

## एक नजर

### पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बांदा :** पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे थे। थाना बबेरु पुलिस ने संदीप सोनी निवासी पुरानी बाजार बबेरू, थाना बदौसा पुलिस ने रामभजन निवासी बिरीहरड थाना बिसण्डा और थाना कालिंजर पुलिस ने दिनेश जोगी निवासी तरहटी थाना कालिंजर को गिरफ्तार किया है।

### आधा दर्जन मोहल्लों की बाधित रहेगी जलापूर्ति

**बांदा :** बांबेश्वर इंटेक वेल पर कामन हेडर निर्माण का कार्य किए जाने के कारण पंपिंग प्लांटों का संचालन न हो पाने की स्थिति में तीन व चार अप्रैल को शहर के करीब आधा दर्जन मोहल्लों की जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेंगी। जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि जल निगम नगरीय के अधिशाषी अभियंता द्वारा जारी पत्र के माध्यम से बताया गया है कि बांबेश्वर इंटेक वेल पर कामन हेडर निर्माण का कार्य 3 व 4 अप्रैल को जल निगम द्वारा किया जाएगा। इस कारण पंपिंग प्लांटों का संचालन न हो पाने की स्थिति में शहर के मोहल्ला छिपटहरी, छोटी बाजार, खुटला एवं खिन्नी नाका की जलापूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा :** बाइक की चाबी न देने से नाराज जसपुरा थाना क्षेत्र के झंझरी पुरवा निवासी महेंद्र (18) पुत्र अच्छेलाल ने सोमवार की रात कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में अगौछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के चाचा फूल निषाद ने बताया कि महेंद्र नशे में घर आया और मां से बाइक की चाबी मांगी। इसी पर मां-बेटे में विवाद हो गया।

# भ्रष्टाचार पर चुप्पी और एक्शन पर हल्ला ही इंडिया गठबंधन का चरित्र

## प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने गठबंधन को ठगबंधन करार दिया

कार्यालय संवाददाता, बांदा



पत्रकारों से बात करते जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद। अमृत विचार

**अमृत विचारः** हाल ही में दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर भाजपा ने गठबंधन के घटक दलों व उसके नेताओं को आड़े हाथों लिया है। मंगलवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सूबे के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने इंडिया गठबंधन के चरित्र को उजागर किया। कहा कि गठबंधन में शामिल सभी दल जहां भ्रष्टाचार पर चुप्पी साधे हुए हैं और सरकार की एजेंसियों द्वारा कार्रवाई किए जाने वाले हो हल्ला मचाते हैं। उन्होंने इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार और घोटालों का काला धब्बा बताते हुए गठबंधन को ठगबंधन करार दिया।

मंगलवार को भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाईचारे की खुली दूकान देखी। हमने देखा कि भ्रष्टाचारी किस घमंड से अपने भ्रष्टाचार को सही साबित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, मगर इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचारी को बचाओ। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी पर चाहे जितने भी हमले कर लें, मोदी जी रुकने वाले नहीं है।

राज्य मंत्री निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा। इंडिया गठबंधन घोटालेबाजों की बारात है जहां सब देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर चर्चा न हो। आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में यह रैली हो रही, जबकि कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो इलू-इलू कर रही है लेकिन पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता ने साथ में लड़ने से इंकार कर दिया है। इंडिया गठबंधन के पार्टनर सपा के भ्रष्टाचार को देश भलीभांति जानता है और इनके परिवारवाद से पीड़ित उत्तर प्रदेश की जनता इन्हें कभी भुला नहीं सकती। वहीं कांग्रेस पर आकाश से लेकर पाताल तक और आजादी से लेकर आज तक घोटाले ही घोटाले के आरोप हैं। इनका शीर्ष नेतृत्व 5000 करोड़ रुपए के घोटाले में जेल से बेल पर चल रहा है। विपक्षी पार्टियों का भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया है। मामला कोर्ट में हो तब भी इन्हें चिल्लाना है। कोर्ट में दलीलें काम नहीं आती तो बाहर हो हल्ला मचाते हैं। सनातन धर्म और रामचरित मानस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना इनकी सेकुलर परिभाषा बन चुकी है। अपने नाम में समाजवादी जोड़कर चलने वाली इस पार्टी के शीर्ष नेता को समाज और जनता नहीं सिर्फ अपने परिवार की चिंता है। कहा कि शराब घोटाले में कोर्ट उनके नेताओं को जमानत तक नहीं दे रहा। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, लोकसभा चुनाव संयोजक बालमुकुंद शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेन्द्र त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी, निर्वाचन के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना, निखिल सक्सेना, दिलीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नशे में धुत पति ने पत्नी को छत से नीचे फेंका, मौत

**बांदाः** शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी को दो मंजिला मकान से नीचे फेंक दिया। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी कोमल (40) पत्नी जितेंद्र का सोमवार की रात पति से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि पति ने उसे दो मंजिला मकान की छत से नीचे फेंक दिया। सिर पर गंभीर चोटें आई। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र आशीष ने मामले की जानकारी नानी शिवसखी को दी।

मौत की खबर मिलते ही कोमल का पिता विजय किशोर भाई रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज पहुंच गए। मृतका के पिता का कहना है कि जितेंद्र नशे का आदी था। कोमल नशा न करने का विरोध किया करती थी। इसी बात को लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते पति ने कोमल को छत से नीचे फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बाद आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। पुलिस पति से पूछताछ कर रही है। देर रात तक लिखापढ़ी की प्रक्रया चल रही थी।


दूसरे दलों के लोगों को सदस्यता दिलाते वीरेंद्र साक्षी। अमृत विचार

# चुनाव से पहले बढ़ने लगा रालोद का कुनबा, कई जुड़े

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● रालोद से जुड़कर चौ. अजीत सिंह का संदेश प्रसारित करने का लिया संकल्प

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव से पहले जहां राजनीतिक दलों में भगदड़ का माहौल कायम हो गया है, वहीं हाल ही में सत्ताधारी दल के गठबंधन में शामिल हुई राष्ट्रीय लोकदल का भी कुनबा बढ़ने लगा है। मंगलवार को विभिन्न दलों की सदस्यता छोड़कर तमाम लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के साथ ही स्व.चौधरी अजीत सिंह की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

शहर के तुलसी स्वरूप होटल में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान पार्टी के बुंदेलखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साक्षी और पूर्व जिलाध्यक्ष लखन सिंह ने विभिन्न दलों को छोड़कर रालोद में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत किया और उन्हें सदस्यता दिलाई। बुंदेलखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साक्षी ने बताया है कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण संगठन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष वैश्य अमित गुप्ता मनीष, सपा नेता नईम नेता, राजेंद्र प्रजापति, बसपा नेता कमलेश सेन, पंकज लखपति, अमित गुप्ता, शिवम धुरिया, करन मोदी, अंशू काला, लखन, वीरेंद्र कुमार, योगेश धुरिया, अखिलेश कुमार, देव प्रताप सिंह, सक्षम सिंह, नीरज सिंह, राजीव तिवारी, राज, आशीष त्रिवेदी, शुभम, आर्यन गुप्ता, पवन धुरिया, अनुराग गुप्ता, अंजनी त्रिपाठी, अमन धुरिया, आदित्य वर्मा, कार्तिकेय सिंह समेत करीब आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की है। रालोद नेताओं ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया और किसान, मजदूर, कामगारों की आवाज को बुलंद करने का संकल्प दिलाया।

# बांदा के जेल अधिकारी कोर्ट में तलब

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

● बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूछा- ज्यूडिशियल कस्टडी में कैसे हुई मुख्तार की मौत

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में बाराबंकी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बांदा जेल के अधिकारी को तलब कर किया है। अब जेल अधिकारी कोर्ट को यह बताएंगे कि ज्यूडिशियल कस्टडी में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई। दरअसल, मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन की ओर से बाराबंकी की कोर्ट में वाद दाखिल करने को लेकर अपील की गई थी। जिस पर सरकार बनाम डॉ. अलका राय चर्चित फर्जी एंबुलेंस की पेशी के दौरान मंगलवार को कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह ने कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत की वजह जानने के लिए जेल अधिकारियों को तलब करने की मांग की। जिस पर बाराबंकी एमपी-एमएलए कोर्ट एसीजेएम-19 विपिन यादव ने मुख्तार की मृत्यु की खबर देने वाले बांदा जेल अधिकारी को 6 अप्रैल को तलब किया है। जिसमें वह बताएंगे कि न्यायिक अभिरक्षा में मुख्तार अंसारी की मौत कैसे हुई। मुख्तार के वकील रणधीर सिंह ने बीते शुक्रवार को गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट में जज कमलकांत श्रीवास्तव के सामने प्रार्थना पत्र दिया था कि मौत की वजह जानने के लिए जरूरी है कि बांदा जेल के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर लिए जाएं। बांदा जेल में निरीक्षण के नाम पर आने वाले सभी अधिकारियों की एंट्री और कैमरे में आए उनके फोटो को भी सुरक्षित किए जाने की जरूरत है। साथ ही वकील की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आदेश देने की भी अपील बाराबंकी कोर्ट में की गई थी। वकील रणधीर के मुताबिक जज कमलकांत श्रीवास्तव के सामने दिए गए प्रार्थना पत्र को मृत्युकालीन कथन मान कर मुकदमा दर्ज करने की अर्जी दी गई थी। जिस पर जज ने फैसले को रिजर्व करते हुए अगली तारीख 4 अप्रैल लगाई थी। अब 4 अप्रैल को मुकदमा दर्ज करने को लेकर कोर्ट का आदेश आएगा। मुख्तार अंसारी की बीते गुरुवार को बांदा जेल में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसको बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया था। मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया।

# दो हिस्ट्रीशीटर किए गए गिरफ्तार

**बांदाः** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कालिंजर और गिरवां थाना पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर शातिर अभियुक्तों को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। कालिंजर थाना क्षेत्र के सढ़ा गांव के अभियुक्त के ऊपर हत्या, दुष्कर्म, गुण्डा एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं। अभियुक्त ने अपना नाम कैलाश सिंह पुत्र मतोला सिंह निवासी सढ़ा थाना कालिंजर बताया है। उधर गिरवां थाना पुलिस ने शातिर अभियुक्त ज्ञानबाबू उर्फ बल्देव पुत्र राजकुमार निवासी पतरहा थाना गिरवां को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ पतरहा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है।

# 10 बाइकों के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,बांदा


बाइकों के साथ पकड़े गए बाइक चोर। अमृत विचार

● शहर कोतवाली व एसओजी की संयुक्त टीम ने दबोचा

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अपराध उन्मूलन व अपराधियों की धड़पकड़ अभियान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गश्त और वाहन चेकिंग के दौरान अंतरजनपदीय बाइक चोर गिरोह के दो लोगों को उस समय दबोच लिया जब वह पुलिस को देखकर भागने लगे।

अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम सोमवार की सुबह संदिग्ध व्यक्तियों व वाहन चेकिंग के दौरान पुराना बाईपास शुकुल कुआं के निकट बाइक पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे, जिस पर सक्रिय पुलिस टीम ने दोनों को पकड़ लिया और मोटर साइकिल के कागजाद दिखाने को कहा जो वह नहीं दिखा सके।

दोनों से जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो अभियुक्तों द्वारा यह बताया गया कि उन्होंने मोटर साइकिल बीती 29 मार्च को कचहरी से चोरी की थी। इस संबंध में अभियोग भी कोतवाली में पंजीकृत किया गया था। पकड़े गए अभियुक्तों ने यह भी बताया कि वह अब तक कचहरी, जिला अस्पताल व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों से कई मोटर साइकिले चोरी कर चुके हैं। जिसे उन्होंने बाईपास केन नदी पुलिया के नीचे झाड़ियों में छिपाकर रखा गया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 9 मोटर साइकिले बरामद कर ली हैं।

एएसपी ने बताया कि यह अंतर जनपदीय बाइक चोर चोरी की मोटर साइकिलो की नंबर प्लेट बदलकर बेंच देते थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अंतर जनपदीय बाइक चोरों में अल्लन खान पुत्र कल्लन खान तथा सलीम खान उर्फ टेंशन पुत्र मुन्नू खान दोनों ही जनपद हमीरपुर के मौदहा थाना अंतर्गत ग्राम गोसियारी के निवासी हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनूप कुमार दुबे, एसओजी प्रभारी अनिल कुमार साहू, एसआई परवेज अहमद, राजेश मौर्य, आशुतोष त्रिपाठी आदि पुलिस जवान शामिल हैं।

**पुस्तक का विमोचन** | केदार न्यास समिति के तत्वावधान में काव्य पाठ के बीच मनाया गया 113वां जन्मदिवस

# केदार बाबू के जन्मदिवस पर खुला 'जीवन की खिड़कियां' पुस्तक का पन्ना

कार्यालय संवाददाता, बांदा


पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रगतिशील हिंदी कविता के गौरव कहे जाने वाले कवि केदार नाथ अग्रवाल के 113वें जन्मदिवस के मौके पर नृत्य गुरु श्रद्धा निगम की आत्मकथात्मक पुस्तक जीवन की खिड़कियां का विमोचन किया गया। पुस्तक में नृत्य गुरु के जीवन संघर्ष की यात्रा और उनकी सफलता के रूप में महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रेरक संदेश छिपे हैं। जन्म दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चर्चित आलोचक व कला समीक्षक ज्योतिष जोशी, मुख्य वक्ता कथाकार प्रो.रेनू यादव और कला समीक्षक कवि प्रयाग शुक्ल ने पुस्तक की जमकर सराहना की।

केदार न्यास समिति, भागवत प्रसाद मेमोरियल और प्रगतिशील लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में शहर के श्रीनाथ बिहार स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज में कवि केदार बाबू का 113वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चर्चित आलोचक एवं कला समीक्षक ज्योतिष जोशी ने जहां केदारबाबू को याद करते हुए उनकी कविताओं को गुनगुनाया, मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रसिद्ध कथाकार, आलोचक एवं कवि प्रो.रेनू यादव ने भी जनकवि केदारबाबू को अपना आदर्श बताया और उनकी कविताओं की पंक्तियों को दोहराया। साथ ही कई रचनाएं प्रस्तुत करके सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कवि प्रयाग शुक्ल की अगुवाई में सभी अतिथियों ने केदार न्यास की आजीवन न्यासी व नृत्य गुरु श्रद्धा निगम की पुस्तक जीवन की खिड़कियां का विमोचन किया और पुस्तक के साथ ही लेखिका को भी जमकर सराहा। नृत्य गुरु ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित काव्य पाठ में कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विनोद कुमार सोनकिया ने चना पाठ किया। न्यास के सचिव नरेंद्र पुंडरीक ने आयोजन की पीठिका प्रस्तुत की और संचालन डा.शशिभूषण मिश्र ने किया।

### जनकवि केदार बाबू को बताया हिंदी कविता का गौरव

केन किनारे पालथी मारे पत्थर पानी चाट रहा जैसी प्रकृति को समर्पित असंख्य कविताओं के माध्यम से लोगों के दिल में अपना स्थान बनाने वाले जनकवि केदार नाथ अग्रवाल के जन्मदिन के मौके पर साहित्यकारों और कवियों का जमावड़ा रहा। भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत केदारबाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ किया गया। केदार न्यास की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा.शबाना रफीक, डा.सबीहा रहमानी, डा.अंकिता तिवारी, छाया सिंह, लक्ष्मी द्विवेदी, उमा पटेल, कामरेड रामचंद्र सरस, आनंद किशोर, नृत्य गुरु श्रद्धा निगम समेत तमाम साहित्यकारों ने शब्द श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रयाग शुक्ल ने केदार बाबू को जन, प्राकृतिक सौंदर्य और कला का कवि बताया।

# घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें भाजयुमो कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● 7 अप्रैल से 18 मई तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता 7 अप्रैल से 18 मई तक लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करेंगे। साथ ही घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकारों की उपलब्धियां बताएंगे।

लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर विधानसभा, नरैनी व बबेरू विधानसभाओं की संयुक्त बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष लोकसभा प्रभारी विकास श्रीवास्तव बाबा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल से आगामी 18 मई तक युवा मोर्चा द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मंडल युवा सम्मेलन, प्ले कार्ड, मंडल बाइक रैली, वन बूथ टेन यूथ योजना, घर-घर संपर्क अभियान आदि कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं के पास पहुंचकर उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनका लाभ पहुंचाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता व संचालन संदीप द्विवेदी ने किया।




सुन्नी

| इफ्तार (बुधवार) | सहरी (गुरुवार) |
| --- | --- |
| 06:35 बजे | 04:31 बजे |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### गैंगस्टर के तीन आरोपी किये गए गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में छापा मारकर गैंगस्टर के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने छापा मारकर कजली तालाब के समीप से गैंगस्टर के आरोपी अशफाक, आशिक एवं दीप सिंह को गिरफ्तार किया है।

### खरीद केंद्र पर 98 क्विंटल गेहूं की हुई खरीद

**हमीरपुर।** कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में संचालित क्रय विक्रय सहकारी समिति के गेहूं खरीद केंद्र में मंगलवार को बोहनी हुई। यहां पर नदेहरा के दो किसानों से 98 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। मंगलवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति के केंद्र में नदेहरा के किसान समीर कुमार गौतम से 83 क्विंटल तथा सलामत खान से 15 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। केंद्र प्रभारी शुभम त्रिपाठी ने दोनों किसानों को फूल माला पहनकर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया।

# असलहा बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़

## दबिश देकर असलहा बना रहे तीन लोगों को किया गिरफ्तार, आरोपी भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले भर में अपराध की रोकथाम के लिए जीरो टालरेंस नीति के तहत अपराधियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर कोतवाली पुलिस टीम ने ग्राम बरात पहाड़ी में अवैध रूप से संचालित शस्त्र फैक्ट्री पर दबिश देकर तीन लोगों को अवैध असलहा और शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस टीम को मंगलवार को सूचना मिली कि ग्राम बरात पहाड़ी में अवैध असलहा फैक्ट्री चल रही है, जिस पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरात पहाड़ी में अवैध रूप से संचालित शस्त्र फैक्ट्री की घेराबंदी करके दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस टीम ने राजू विश्वकर्मा पुत्र हरिया विश्वकर्मा निवासी कुल्हौण्डा थाना



जानकारी देतीं एसपी अपर्णा गुप्ता।

मझगवा जनपद हमीरपुर, संतोष पुत्र बृजगोपाल, बृजगोपाल पुत्र शिवदयाल लोधी निवासी सगुनिया माफ थाना अजनर जनपद महोबा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से दो देशी तमंचा 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, दो अद्धी 12 बोर, एक अद्धी 315 बोर एक तमंचा 32 बोर सहित भारी मात्रा में अवैध असलहा बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

अभियुक्तों के खिलाफ कोतवाली महोबा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्तों पर आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा जाएगा। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा एसआई सत्यपाल सिंह, एसआई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया, हेडकांस्टेबिल विकास सिंह, मुकेश सिह, ज्ञानेन्द्र शर्मा कांस्टेबल आशीष पाल, अभिषेक पटेरिया शामिल रहे।

### पुलिस ने तमंचों समेत दो को दबोचा

**महोबा।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिला पुलिस टीमों द्वारा अभियान चलाकर आए दिन अवैध, वांछित, जुआरियों और मादक पदार्थ की बिक्री करने वालों को पकड़कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना पनवाड़ी और थाना अजनर पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो लोगों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पनवाड़ी मनीष कुमार पांडेय द्वारा उपनिरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान के तहत रवींद्र अहिरवार (29) पुत्र मोतीलाल अहिरवार को 315 बोर तमंचा व एक कारतूस सहित छक्कीलाल इंटर कालेज मोड़ से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक राधामोहन त्रिवेदी ने मुखबिर की सूचना पर विश्वनाथ (40) पुत्र लच्छीराम राजपूत को 315 बोर तमंचा समेत पकड़ा है। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया है।

### पांच लोगों पर हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**महोबा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों को चिह्नित कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पांच अभियुक्तों पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की है। अभियुक्त धर्मेंद्र यादव (40) पुत्र कोमल यादव निवासी रावतपुरा खुर्द, बृजनंदन कुशवाहा (35) पुत्र परमलाल कुशवाहा निवासी हटवारा, रमेश यादव (26) पुत्र अमोल सिंह यादव निवासी कठवरिया, शैलेंद्र (23) पुत्र इंद्रजीत राजपूत निवासी ग्राम बिहार, सोनू यादव (28) पुत्र मंगल यादव निवासी कचेरनपुरा जैतपुर थाना कुलपहाड़ शामिल हैं।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुस्करा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़ी भिटारी गांव में 55 वर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतक के दामाद ने आरोप लगाते हुए कहा कि उरई पुलिस द्वारा गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई थी, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या कर ली।

क्षेत्र के ग्राम पहाड़ी भिटारी निवासी रमेश चंद्र विश्वकर्मा (55) पुत्र सिद्ध गोपाल विश्वकर्मा ने 2 अप्रैल की शाम को गांव के बाहर एक बगिया में पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली स्वजनों को जानकारी होने पर उन्होंने थाना मुस्करा में इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौजूद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों का करुणक्रंदन देख कर वहां पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

वहीं दूसरी ओर मृतक के दामाद चरखारी महोबा निवासी भूपेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि कुछ दिनों पहले ही उरई पुलिस द्वारा गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई थी। जिसके चलते मानसिक रूप से परेशान थे। इसी से आहत होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली है। मृतक के एक पुत्र है जो बाहर रहकर काम करता है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।




प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएमओ व सीएमएस।

# संचारी रोग नियंत्रण प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा संचारी रोग अभियान के तहत ग्रामीणों को किया जाएगा जागरूक

**अमृत विचार।** संचारी रोग पर नियंत्रण करने के लिए जिले में एक माह तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत मच्छरों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। महिला जिला अस्पताल महोबा से मुख्य चिकित्साधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर गांव गांव में प्रचार के लिए रवाना किया साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को उत्तरदायित्व सौंपा गया।

शासन के निर्देश पर महिला जिला अस्पताल परिसर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई, जिसके तहत सीएमओ द्वारा संचारी रोग नियंत्रण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त प्रचार वाहन एक माह तक गांव-गांव में संचारी रोग नियंत्रण के लिए प्रचार कर ग्रामीणों को जागरूक करेगा। शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग पर नियंत्रण करने के लिए अभियान की शुरुआत करा दी गई है। अभियान के दौरान गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग और समाजसेवी संस्थाओं के लोगों द्वारा संचारी रोग से बचाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।

मालूम हो कि शासन के निर्देश पर प्रत्येक तीन माह में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाए जाने के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए, जिसके तहत जिला अस्पताल से सीएमओ और मुख्य चिकित्साधिकारी की मौजूदगी में इसकी शुरुआत कर दी गई है। सीएमओ ने बताया कि यह अभियान 30 अप्रैल तक जारी रहेगा।

# आग लगने से दस बीघा फसल जलकर राख

### शार्ट सर्किट से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ग्राम बम्हारी बेलदानान के एक खेत में लगे ट्यूबवेल में अचानक शार्ट सर्किट हो गई और बिजली के तारों से निकली चिंगारी खेत की खड़ी फसल में जा गिरी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे लगभग दस बीघा गेहूं की फसल आग में जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के खेतों में लगी फसल को बचाया गया। सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड टीम के लेट पहुंचने पर किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

कोतवाली चरखारी के ग्राम बम्होरी बेलदारान निवासी हरगोविंद पाठक खेत में लगी गेहूं की फसल को कटवा रहा था, तभी अचानक खेत में लगे ट्यूबवेल में शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी खेत में लगी फसल में जा गिरी और आग लग गई। धुआं देख खेत स्वामी और आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान वहां पहुंचे और आग लगी देख उसे बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन तब तक आग ने उग्र रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते आग पूरे खेत में फैलकर फसल को अपनी गिरफ्त में लेने लगी। आगजनी की सूचना किसानों द्वारा दमकल विभाग को दी गई।



खेत पर आग बुझाने के लिए खड़ा दमकल वाहन।

- दमकल टीम द्वारा दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची दमकल विभाग की टीम द्वारा लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाकर आसपास के खेतों में लगी फसल को बचाया गया। पीड़ित किसान ने बताया कि ट्यूबवेल में हुए शार्ट सर्किट के चलते उसकी दस बीघा की फसल जलकर बर्बाद हो गई। बताया कि सूचना देने के बाद भी दमकल टीम देरी से पहुंची, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बर्बाद फसल का सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है।

# सीसी मार्ग के साथ नाली न बनाने से रोष

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत बिलहड़ी में विधायक निधि से बन रहे सीसी मार्ग के साथ नाली निर्माण न कराने पर ग्रामीण नाराज हैं। उन्होंने ग्रामीणों ने एसडीएम सदर से करके नाली बनाए जाने की मांग की है। बिलहड़ी गांव निवासी जय किशोर आदि ने एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि मेरे दरवाजे से नदेहरा मार्ग तक विधायक निधि से सीसी मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार सीसी मार्ग में नाली नहीं बनवा रहा है। इससे जल निकासी में दिक्कतें होगी। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी रामबहादुर एवं रामआसरे प्रजापति ने नाली बनाने में अवरोध पैदा कर दिया है। इससे ठेकेदार नाली निर्माण नहीं करा रहा है और बगैर नाली के सीसी मार्ग बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इससे रिहायशी मकान का पानी निकलने में दिक्कत होगी। ग्रामीणों ने एसडीएम सदर से नाली बनाए जाने की मांग की है।

# क्रय केंद्रों पर एक अप्रैल से शुरू हुई खरीदारी

कार्यालय संवाददाता महोबा

- एक माह पहले ही खोल दिये गये थे क्रय केंद्र
- पहले दिन 226 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई

**अमृत विचार।** जिले में एक अप्रैल से गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू हो गई। जिले में पहले दिन 226 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। क्रय केंद्रों में दो दिन से किसानों का माल पहुंचने से चलह पहल बढ़ गई है और केंद्रों पर लगाए गए श्रमिकों को भी अब काम मिलने लगा है। इतना ही नहीं क्रय केंद्रों पर पानी, छाया की बेहतर व्यवस्था की गई है और पशुओं को बांधने के लिए भी उत्तम व्यवस्था है।

पिछले साल की अपेक्षा इस साल शासन ने 38 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद के सापेक्षा 50 हजार मीट्रिक टन निर्धारित कर दिया है। अब लक्ष्य प्राप्ति के लिए विभाग खासा जोर लगा हुए हैं, हालांकि जिले में असमय हुई बारिश से गेहूं फसल प्रभावित होने के कारण उत्पादन क्षमता काफी घट गई है, जिससे तेजी से क्रय केंद्रों पर गेहूं लदे ट्रैक्टर, बैलगाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं। हालांकि किसान माल निकालकर बिक्री करने में जुटा हुआ है। कुछ किसान नकद पैसों के चक्कर में आढ़तियों के यहां गेहूं बेच रहे हैं। शादी विवाह के इंतजाम के कारण किसान क्रय केंद्रों के पचड़े में न पड़कर सीधा खुले बाजार में भी गेहूं बेच जा रहा है।

जिला विपरण अधिकारी रामकिशन पांडेय ने बताया कि जिले में 49 क्रय केंद्र बनाए गए। पहले दिन 13 क्रय केंद्रों पर 226 मीट्रिक टन की खरीद की गई। हालांकि इस साल 12500 मीट्रिक टन बढ़ा दिए जाने से लक्ष्य को पाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बारिश के चलते पैदावार कम होने से लक्ष्य पूर्ति होना मुश्किल दिखाई दे रहा है, फिर भी प्रयास किया जा रहा है।




गेहूं क्रय केंद्र। अमृत विचार

### क्रय केंद्रों पर एक माह पहले भेज दिया गया था बारदाना

शासन के निर्देश पर इस साल जिले में एक माह पहले गेहूं क्रय केंद्रों को खोल दिया गया था, जहां पर बारदाना, सुतली, सूजा व अन्य सामग्री मुहैया करा दी गई थी, लेकिन एक माह तक कोई भी किसान क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए नहीं आया। एक अप्रैल शुरू होते ही क्रय केंद्रों पर किसानों की आवाजाही तेज हो गई है। नवीन मंडी महोबा, सूपा मंडी, बेलाताल, पनवाड़ी, कुलपहाड़, खरेला श्रीनगर सहित विभिन्न स्थानों पर क्रय केंद्र खोल दिए गए, जहां पर अब गेहूं की खरीददारी शुरू हो गई है।

### जैतपुर के तीनों केंद्रों पर एक माह से नहीं हुई बोहनी

**जैतपुर।** कस्बे में सहकारी संघ, सहकारी समिति और पीसीएफ सहित तीन गेहूं क्रय केंद्र खोले गए है। क्रय केंद्रों पर वारदाना, कांटा व अन्य सामग्री मुहैया कराने के बाद भी एक माह से तीनों केंद्रों पर एक दाना गेहूं की खरीदारी नहीं हुई है, जिससे क्रय केंद्रों पर तैनात कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। जबकि क्रय केंद्रों पर छाया, पानी व अन्य सारी व्यवस्थाएं विभाग द्वारा पहले से करा दी गई हैं। कस्बा जैतपुर के पीसीएफ के केंद्र प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि एक मार्च से गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए गए, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी एक भी किसान गेहूं लेकर नहीं आया और न ही गेहूं का भाव पूछने आया, जिससे केंद्रों पर एक माह से सन्नाटा पसरा हुआ है।

# गेहूं के खेत में आग लगने से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** दोपहर में तीन बजे अचानक एक खेत में आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

थाना कबराई के ग्राम ऊटिया मे एक गेहूं के खेत में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया और आस पास के खेतों को आग लगने से बचा लिया गया। जिससे कोई जनहानि नहीं हो पायी। इससे किसानों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि बढ़ती गर्मी के मौसम को देखते हुए फायर सर्विस महोबा टीम के द्वारा लगातार जन जागरुकता अभियान चलाकर, ग्रामीण, एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को अग्निकांड से होने वाले खतरों एवं ऐसी घटनाओं से बचाव के तौर तरीकों से अवगत कराया जा रहा है।

# डीएम के निर्देश पर चला सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता महोबा

- एंटी लार्वा और मच्छरमार दवा का नाले- नालियों में किया गया छिड़काव

**अमृत विचार।** शासन के आदेश पर जिले में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते नगर पालिका की टीमें लगाई गईं। मंगलवार को शहर के मोहल्ला भटीपुरा और बजरिया में अभियान चलाकर नाले और नालियों की साफ सफाई कराई गई। इसके बाद एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया साथ ही फागिंग मशीन से फागिंग कराई गई। इसके अलावा मच्छर मार दवा का छिड़काव भी कराया जा रहा है, जिससे लोगों को मच्छरों से निजात मिल सके।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र की देखरेख में शहर में सफाई अभियान शुरू करा दिया है। सफाई अभियान के लिए आधा दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मचरियों की टीमों को लगाया गया है। सफाई कर्मचारियों को सुबह से बुलाकर शाम तक अभियान में लगाया जा रहा है, जिससे बेहतर तरीके से शहर की साफ सफाई हो सके। गर्मी शुरू होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। गड्ढों और नाले नालियों में पनप रहे मच्छर लोगों के लिए मुसीबत बन गए है। स्थिति यह है कि शाम होते ही घरों में मच्छर भनभनाने लगते है।



नाले – नालियों की सफाई कर मच्छरमार दवा का छिड़काव करते सफाईकर्मी।

मंगलवार को शहर के मोहल्ला भटीपुरा, बजरिया में सफाई कर्मचारियों की टीम सफाई अभियान में जुटी रही। सफाई कर्मचारी ड्रेस और जूतों के साथ काम में जुटे रहे और नाले नालियों की सफाई के बाद उनसे निकले कूड़ों को ट्रैक्टरों में भरकर डिस्पोज के लिए भेजा गया साथ ही सफाई कर्मचारियों द्वारा एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया, मच्छर मार दवा भी नाले नालियों के आसपास डाली गई, जिससे लोगों को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से निजात मिल सके।

## सार-संक्षेप

### भंडारे में श्रद्धालुओं की जुटी भारी भीड़


**जैतपुर महोबा।** कस्बे के एक पैलेस में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक परमानंद शास्त्री ने संगीतमय कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। कथा के अंतिम दिन भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। कथा समापन के बाद आयोजकों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया, जहां पर कथा सुनने के बाद श्रद्धालुओं को बैठकर प्रसाद ग्रहण कराया। भंडारे की जानकारी मिलते ही कस्बा सहित आसपास के ग्रामीणों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंच गए। पैलेस में चल रही कथा के अंतिम दिन कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन लीलाओं से भरा हुआ है, उनके जन्म से लेकर अंतिम वक्त तक सभी कुछ उनकी लीला ही नजर आती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के स्मरण करने मात्र से हमारे सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और अनंत पुण्यों की प्राप्ति होती है। कथा वाचक ने कहा कि अन्न दान करना आज के समय में भंडारे के रूप में प्रचलन में आया है, भंडारे लगाकर लोग गरीब और जरूरतमंदों को भोजन कराते हैं, भोजन कराने से शरीर और आत्मा दोनों को संतुष्टि मिलती है, पौराणिक शास्त्रों के अनुसार, हम जिस चीज का दान करते हैं, परलोक में हमें वही वस्तुएं मिलती हैं, इसलिए हमें अधिक से अधिक भंडारा और दान करना चाहिए। भंडारा शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। महिला, पुरुषों के अलावा बच्चों की भी भारी भीड़ जुटी रही। देर शाम तक चले भंडारे में कई गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**लापरवाही** — जेई के सेवानिवृत्त होने के बाद नहीं हुई कोई तैनाती, कार्यालय बंद होने से नक्शे पास न होने से राजस्व का हो रहा नुकसान

# विनियमित क्षेत्र कार्यालय में लटका रहता है ताला

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** विनियमित क्षेत्र कार्यालय महोबा के अवर अभियंता के सेवानिवृत्त हो जाने से तीन माह से कामकाज ठप चल रहा है। इतना ही नहीं इस कार्यालय में ताला लटक रहा है, जिससे नक्शा पास कराने व अन्य कार्यों के लिए आने वाले लोग ताला लटका देख वापस लौट जाते हैं। कार्यालय में कामकाज न होने से सरकार को लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं भवन निर्माण कराने, विवाह घर की बनवाने के लिए फाइल डालने जैसे तमाम कार्य ठप चल रहे है, बावजूद इसके जिले के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



विनियमित क्षेत्र कार्यालय में लटकता ताला। अमृत विचार

विनियमित क्षेत्र कार्यालय महोबा में अवर अभियंता के पद पर तैनात रामवीर सिंह 31 दिसम्बर 2023 को सेवानिवृत्त हो गए थे। तबसे न तो जेई का चार्ज किसी को दिया गया और न ही उनके स्थान पर किसी दूसरे अभियंता की नियुक्ति की गई, जिससे तीन माह से विनियमित क्षेत्र कार्यालय में ताला लटक रहा है। अवर अभियंता के न होने से मकानों, दुकानों, विवाह घर निर्माण के नक्शे पास न होने से जहां एक तरफ सरकार को लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं दूसरी तरफ लोगों के नक्शे पास न होने से भवन नहीं बन पा रहे हैं।

अवर अभियंता के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद उच्चाधिकारियों ने उनके पद पर किसी दूसरे अभियंता की नियुक्ति भी नहीं की है और न ही किसी को अस्थाई तौर पर चार्ज दिलाया गया, जिससे विनियमित क्षेत्र कार्यालय का कार्य ठप पड़ा है। जिससे लोगों में खासा असंतोष व्याप्त है। नक्शों की स्वीकृति न मिलने से परेशान हो चुके तमाम लोग अब बिना नक्शा स्वीकृत कराए भवन निर्माण कराने में जुट गए हैं, जिससे सरकार को मिलने वाले लाखों रुपये का राजस्व का नुक्सान हो रहा है।

### तीन साल से लिपिक का पद भी है खाली

शहर के इकलौते विनियमित क्षेत्र कार्यालय का बुरा हाल है। इस कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक ने तीन साल पहले सेवानिवृत्त हो जाने के बाद आज तक किसी लिपिक की नियुक्ति नहीं की गई है। दूसरे कार्यालयों में तैनात कर्मचारी को अतिरिक्त चार्ज दे दिया गया था, तबसे वह कर्मचारी अपने कार्यालय में बैठकर विनियमित क्षेत्र कार्यालय का काम निपटा रहा है, जिससे विनियमित क्षेत्र कार्यालय में ताला लटका रहता है। इसी तरह अब अवर अभियंता के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद इनके स्थान पर किसी की भी नियुक्ति न किए जाने से कार्यालय बंद रहता है और कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

# प्रशिक्षण के बाद पैरों पर खड़ी होंगी महिलाएं

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महोबा में महिलाओं के तीस दिवसीय सिलाई का प्रशिक्षण की शुरुआत हुई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम से महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेंगी। कहा कि लगनशीलता, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत से काम करने वाले समाज में अपनी अलग पहचान बनाते हैं और आर्थिक रूप से भी संपन्न होते हैं। इस मौके पर महिला प्रशिक्षाणार्थियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। संस्थान के निदेशक सीएल अनुरागी ने प्रशिक्षाणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान से प्रशिक्षण उपरांत महिलाएं स्वरोजगार में शामिल होकर अपने पैरों पर खड़ी होंगी। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है।

संस्थान के संकाय सदस्य अरुण कुमार उपाध्याय ने कहा कि आरसेटी महोबा द्वारा अगले माह ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयरिंग, डेयरी फार्मिंग, बर्मी कंपोस्टिंग, बकरी पालन, पापड़ अचार एवं मसाला पाउडर, ज्वैलरी उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित करने की संभावना बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थान में खानपान व ठहरने की भी व्यस्था है। 18 से 45 वर्ष के युवक युवतियां अधिक से अधिक आवेदन कर लाभ उठाएं।




दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि।

- 30 दिवसीय महिला स्वारोजगार प्रशिक्षण की शुरुआत हुई

## एक नजर

### महिला ने फांसी लगा कर किया आत्महत्या का प्रयास

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के बरुआ गांव में 30 वर्षीय महिला ने परिवार जनों से नाराज होकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों के देख लेने पर फंदे से उतारकर स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी हेमलता (30) पत्नी राकेश सोमवार की रात्रि 8 बजे किसी बात को लेकर परिजनों से नाराज हो गई और कमरे में जाकर साड़ी के फंदे से आत्महत्या करने का प्रयास करने लगी। तभी परिजनों ने देखा तो आनन-फानन फंदे से उतार कर उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### सपा के जिला उपाध्यक्ष ने पार्टी से दिया इस्तीफा

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे के निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ने मंगलवार को सपा की प्राथमिक सदस्यता के साथ सभी पदों से त्यागपत्र जिलाध्यक्ष इदरीस खान को भेजा है। चर्चा है कि वह जल्द ही भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। कस्बे की बड़ी पुलिया के समीप रहने वाले वसीम अहमद सिद्दीकी अरसे से सपा में रहकर नगर अध्यक्ष सहित कई पदों में कार्य कर चुके हैं।

# 'इंडिया गठबंधन नहीं ठगबंधन ये सब देश को लूटना चाहते हैं'

## भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को श्रीराम का चित्र भेंट करते सांसद व विधायक।

अमृत विचार। विपक्ष व इंडिया गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी जी पर चाहे जितने भी हमले कर लें। प्रधानमंत्री मोदी रुकने वाले नहीं है। प्रधानमंत्री के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और वह अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। यह सब देश को लूटना चाहते हैं और यह भी चाहते हैं कि उनके भ्रष्टाचार पर चर्चा न हो। इंडिया गठबंधन नहीं ठगबंधन है।

यह बातें भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से भाजपा के प्रदेश महामंत्री कानपुर- बुंदेलखंड क्षेत्रीय प्रभारी अनूप गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि बीते 31 मार्च को दिल्ली में आम आदमी पार्टी कहती है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के समर्थन में रैली हो रही है। कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में नहीं बल्कि पूरे गठबंधन की रैली है। कांग्रेस आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो इलू इलू कर रही है लेकिन पंजाब में हम आपके हैं कौन हो रहा है। पश्चिम बंगाल में ममता ने साथ में लड़ने से इंकार कर दिया। बिहार में राजद ने अपने उम्मीदवार पहले घोषित कर दिए। कर्नाटक में उद्धव ठाकरे ने अपने उम्मीदवार पहले घोषित कर दिए। कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी छोड़कर सांसद और विधायक दूसरे दलों में जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहा। कहा कि विपक्षियों का काम सिर्फ प्रधानमंत्री व हिंदू धर्म को गाली देना है। जांच एजेंसियां जब नोटिस दे तो इग्नोर करो कार्यवाही हो तो कोर्ट पहुंचे, कोर्ट भी फटकार लगाए तो विक्टिम कार्ड खेलो देश के लोकतंत्र पर खतरा बताओ, जनता को गुमराह करो। सारे इकट्ठे हो जाओ, जोर-जोर से बोलो छाती पीठ पीठ कर बोलो कि भ्रष्टाचार बचाओ। उन्होंने कहा उनके चेहरे देखकर हर एक चेहरे पर घोटाले और भ्रष्टाचार का काला धब्बा है। जेल में बंद नेताओं को कोर्ट भी जमानत नहीं दे रही है। भ्रष्टाचार तो पूरा देश जानता ही है, लेकिन इनके परिवारवाद से भी उत्तर प्रदेश की जनता पीड़ित रही है। जो पार्टी कभी कांग्रेस को देश की सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी कहा करती थी, आज उन्हीं की साथी बनी हुई है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील पाठक , जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, लोकसभा प्रभारी संजय द्विवेदी, प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, किशन व्यास, अरविंद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## कमिश्नर, डीआईजी ने नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा

हमीरपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं डीआईजी अजय कुमार सिंह ने जनपद के नोडल अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की।

उन्होंने मतदान एवं मतगणना कार्मिकों, सुपर जोनल, जोनल सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति तथा ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स आदि की नियुक्ति प्रशिक्षण, ईवीएम वीवीपैट मैनेजमेंट, यातायात व्यवस्था, लेखन सामग्री निर्वाचन सामग्री तथा प्रपत्रों की छपाई, आदर्श आचार संहिता, मतदेय स्थलों पर एएमएफ की व्यवस्था, टेंट बैरिकेडिंग फर्नीचर साउंड एवं प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई एवं पीने के पानी की व्यवस्था, मेडिकल किट, दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु के मतदाताओं को सुविधा के लिए व्यवस्था, एएमएफ आदि निर्वाचन के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम राहुल पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला आदि अधिकारी रहे।



मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते मंडलायुक्त व डीआईजी।



मतदाता शपथ दिलाते मंडलायुक्त व डीआईजी। अमृत विचार

# मतदाता जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट परिसर में मंडलायुक्त व पुलिस उप महानिरीक्षक ने मतदाता जागरूकता स्टीकर जारी करते हुए दो पहिया वाहनों की जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षकों आदि को मतदाता शपथ दिलाई गई।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में चित्रकूट धाम मंडल बांदा के मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान केंद्र तक 20 मई को लाने के लिए टू व्हीलर स्टीकर जारी किया। जो जनपद के सभी वाहनों पर चस्पा कर मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न ग्रामों से 500 नोडल शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी अपनी- अपनी स्कूटी व बाइक सहित उपस्थित रहे। मंडलायुक्त व डीआईजी को गार्ड ऑफ ऑनर के बाद जिलाधिकारी ने बुके देकर स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में सभी नोडल अधिकारियों को आयुक्त द्वारा मतदाता शपथ कराई गई। इसके साथ ही नोडल प्रभारी शिक्षकों की स्कूटी बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली के नेतृत्व में जनपद मुख्यालय का भ्रमण कर जनता को मतदान का महत्व बताया। साथ ही नोडल क्षेत्रीय शिक्षकों के नेतृत्व में जनपद के सभी विकास खंडों को रवाना हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, एआरटीओ अमिताभ राय तथा जनपद के समस्त विभागों के जनपदीय अधिकारी, कुरारा, सुमेरपुर, मौदहा, मुस्करा के शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

● मंडलायुक्त व डीआईजी ने कहा वोट जरूर करें

# आरोपियों के हौसले बुलंद, दे रहे धमकी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● पीड़ित ने मंडलायुक्त व डीआईजी से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

अमृत विचार। बीते 28 मार्च को फसल कटाई के विवाद में गोली मारकर घायल करने वाले आरोपियों को जेल न भेजे जाने से आहत पीड़ित पक्ष ने आरोपियों पर धमकाने का आरोप लगाकर मंडलायुक्त एवं डीआईजी को शिकायत की है। साथ ही गिरफ्तारी की गुहार लगाई है। फसल काटे जाने की अनुमति मांगी है।

28 मार्च को बिरखेरा गांव निवासी कृष्ण नारायण पाठक अपने पुत्र अमित कुमार पाठक एवं बेटी के बेटे प्रभात तिवारी निवासी पहरा थाना कबरई महोबा के साथ सरसों की फसल की कटाई कर रहे थे। तभी गांव निवासी वीरेंद्र सिंह, रवि सिंह, भास्कर सिंह,भोलू सिंह, महेश पाल सहित छह अज्ञात साथियों के साथ नाजायज असलहों से लैस होकर आए और गाली गलौज करके असलहों से फायर कर दिया। जिससे कृष्ण नारायण पाठक गोली लगने से घायल हो गए और प्रभात तिवारी के साथ अमित कुमार पाठक घायल हो गए। अमित कुमार ने मुख्यालय आए मंडलायुक्त एवं डीआईजी को सौंपे शिकायत पत्र में आरोप लगाया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके वीरेंद्र सिंह एवं महेश पाल को हिरासत में ले लिया है पर जेल नहीं भेज रहे है। अन्य आरोपी गांव में खुलेआम घूम कर धमका रहे। पीड़ित ने मंडलायुक्त एवं डीआईजी से आरोपियों को जेल भेजने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# इलाज कराने जा रहे भाई- बहन की मौत

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)



धर्मेंद्र व निधि। अमृत विचार

अमृत विचार। चित्रकूट दुर्घटना में मरने वाले भाई-बहन कस्बे से इलाज करने के लिए जानकी कुंड जा रहे थे। तभी यह घटना हुई है। मृतक कस्बे में रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाता था। घटना में उसके यहां का कर्मचारी भी घायल है।

पुराने स्टेट बैंक के पास गली में रहने वाले मृतक के बड़े भाई लक्ष्मी सोनी ने बताया कि तनिष्क मैथिलीशरण मार्ग पर रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाता था और भाजपा का पूर्व शक्ति केंद्र संयोजक था। बहन निधि (19) का इलाज कराने के लिए भाई धर्मेंद्र उर्फ तनिष्क सोनी (30) रात में चित्रकूट एक्सप्रेस से कर्वी गया था। तनिष्क की दुकान का कर्मी कस्बा निवासी सुमित साहू (15) भी गया था। कर्वी से जानकी कुंड जाने के लिए यह लोग ऑटो में सवार हो गए थे। तभी चित्रकूट में ट्रक ने टक्कर मार दी।

# गैरहाजिर प्रधानाध्यापकों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



शिक्षकों की बैठक लेते बीएसए आलोक सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। इसमें चुनाव को लेकर 158 बूथों पर की जाने वाली सुविधाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने अनुपस्थित प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम के साथ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों में बनने वाले कुल 158 बूथों की समीक्षा की। खंड शिक्षा अधिकारी ने भाग संख्या 120 से 277 तक के सभी बूथों के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक में लोकसभा निर्वाचन को लेकर विद्यालयों में सुविधाओं यथा दिव्यांग शौचालय, पेयजल की सुविधा, फर्नीचर हेल्प डेस्क, विद्युत व्यवस्था, रैंप की सुविधा, उचित संकेतक, छाया की सुविधा, स्वच्छ शौचालय तथा बूथ के बाहर बूथ संबंधी सूचना को पीले बेस पर काले पेंट से अंकित कराने के लिए कहा गया था। बीएसए आलोक सिंह ने सभी कार्य समय से पूर्ण कराने के साथ ही कहा कि बूथ पर लिखने वाली सूचना को फ्लेक्स पर कदापि न बनवाएं।

● चुनाव को लेकर बनने वाले बूथों में सुविधाओं पर की चर्चा

## मस्जिदों में तरावीह का सिलसिला जारी

मौदहा (हमीरपुर)। माहे रमजान के रोजे अब समापन होने की ओर हैं। वहीं मस्जिदों में तरावीह का सिलसिला जारी रहेगा, लेकिन इन तरावीह में हाफिज द्वारा सुनाए जाने वाले कुरान के समाप्त होने का सिलसिला भी शुरू हो गया। हुसैनगंज स्थित खानकाह मस्जिद में इस अवसर पर तराबी में कुरान शरीफ सुनाने वाले हाफिज शमीम संभली की जोरदार विदाई दी गई।

मस्जिद के पेश इमाम खलीफा हाजी इश्तियाक राजा बाबू, हाजी जमाल मास्टर, भूरा, शमीम महतो, ऐहशाम, जब्बार मास्टर, चुन्ना, बल्लू आदि ने खासा नजराना देने साथ ही फूल मालाओं से उन्हें लाद दिया। इस समय कस्बे की 50 से अधिक मस्जिदों में तरावीह जारी है।

## खेती-किसानी

### खुले बाजार में 650 क्विंटल गेहूं व्यापारियों द्वारा खरीदा गया, खरीद केंद्रों में सन्नाटा

# जिंसों की आवक बढ़ी तो मंडी हुई गुलजार

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति जिंसों की आवक बढ़ने से गुलजार हो गई है। कृषि मंडी में किसानों का हुजूम लगना शुरू हो गया है। वहीं खुले बाजार में 650 क्विंटल गेहूं व्यापारियों द्वारा खरीदा गया है। उधर सरकारी खरीद केंद्रों में किसानों के न आने से सन्नाटा फैला है।

कस्बे की मंडी समिति में किसान मटर, मसूर, लाही, चना की कटाई होने के बाद बिक्री के लिए आ रहे हैं। आवक शुरू होने से मंडी में किसानों की चहल-पहल दिखाई देने लगी है। वहीं रविवार को बाजारी दिन होने पर 650 क्विंटल गेहूं, मटर 552 क्विंटल, मसूर 45 क्विंटल, लाही 125 क्विंटल की आवक हुई है।



कुरारा मंडी में आढ़ती की दुकान में जिंसों की तौल करते पल्लेदार। अमृत विचार

### सभी आठ सरकारी खरीद केंद्रों पर बोहनी नहीं हुई

सरकारी गेहूं खरीद 15 मार्च से शुरू हुई थी, क्षेत्र में पांच व कस्बे में तीन केंद्र खोले गए हैं। इनमें अभी तक बोहनी नहीं हुई है। क्रय केंद्र प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि अभी किसान गेहूं फसल में थ्रेसरिंग का कार्य कर रहे हैं। एक-दो दिन बाद गेहूं की आवक होने की होने की संभावना है।

### ये हैं दरें (प्रति क्विंटल में)

| | |
|---|---|
| गेहूं | 2200 से 2400 |
| लाही | 4800 से 5000 |
| बाजरा | 2200 से 2300 |
| ज्वार | 4700 से 4800 |
| चना | 5400 से 5500 |
| जौ | 1900 से 2000 |
| मसूर | 5200 से 5400 |
| मटर हरा | 6000 से 6400 |
| मटर सफेद | 3700 से 3900 |

"मंडी में सर्वाधिक हरा मटर की आवक हो रही है जिसका भाव 6000 से लेकर 6400 तक है वही ज्यादातर मंडी में हरा मटर की आवक हो रही है।

जय करन, मंडी सहायक

# पाइप काटने पर महिला व जेठ को मारापीटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सदर गांव में पानी के पाइप काटने को लेकर हुए विवाद के चलते कुछ लोगों ने महिला व उसके जेठ को जमकर मारापीटा। पीड़ित ने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। सदर गांव निवासी सुम्मेरा पुत्र सीताराम ने बताया कि पानी का पाइप काटने को लेकर हुए विवाद के चलते गांव के धर्मपाल व उसके परिजनों ने उसे जमकर पीटा। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसकी बहू माया पत्नी धनन्तर उसे बचाने के लिए दौड़ी तो आरोपी ने उसकी बहू के साथ भी जमकर मारपीट कर दी। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल कराया है।

### पिता-पुत्र ने वृद्ध दंपति व पड़ोसी को पीटा

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव में पिता पुत्र ने घर में घुसकर वृद्ध दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित तहरीर देकर मारपीट करने वाले पिता पुत्र के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। धनौरी गांव निवासी भजनलाल ने बताया कि गांव का अमित व उसका पिता मंगल पाल उसके घर में घुस आए। आरोप लगाया कि कुत्ता काटने को लेकर हुए विवाद के चलते उससे गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। जब उसकी पत्नी शोभारानी व पड़ोसी रतिराम पाल उसे बचाने के लिए दौड़े तो उन्हें भी पीटा।

## सार-संक्षेप



नवीन सत्र शुरू करने के लिए हवन करते प्रधानाचार्य व छात्र।

### वैदिक मंत्रोच्चार और हवन पूजन के साथ नवीन सत्र शुरू

हमीरपुर। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पुरोहित पं.सुरेश कुमार द्विवेदी व सहयोगी आचार्य रामप्रकाश अवस्थी ने कराई। यज्ञ में यजमान की भूमिका में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी सुनीता गुप्ता रही। यज्ञ में विद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्र- छात्राओं ने आहुतियां डाली। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि हवन पूजन से सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। हम हवन पूजन इसलिये करते हैं ताकि वर्ष भर आने वाली सभी प्रकार की विघ्न बाधाओं से मुक्त रहे। विद्यालय में नवीन सत्र का शुभारम्भ हो चुका है तथा बुधवार से विधिवत कक्षाएं संचालित होगी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में द्वितीय प्रवेश परीक्षा 10 अप्रैल को संपन्न होगी। अत: प्रवेश के इच्छुक छात्र -छात्राएं शीघ्र अति शीघ्र कार्यालय से प्रवेश फार्म प्राप्त कर परीक्षोपरान्त अपना स्थान सुरक्षित करें। क्योकि स्थान सीमित है। अन्त में उन्होंने समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राओं को नवीन सत्र की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रमेश शुक्ल ने किया व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रमुख संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। अंत में कलावा बन्धन एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ला ने दी।



पाटनपुर गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

### पाटनपुर में निकली मतदाता जागरुकता रैली

मौदहा (हमीरपुर)। विकासखंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव पाटनपुर में विकास खंड अधिकारी दुर्योधन व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ब्रजेश गौतम तथा ग्राम विकास अधिकारी हरी बाबू के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। इसमें पंचायत सहायक सहित समस्त अध्यापक एवं ग्रामीण मौजूद थे। रैली में हाथों में बैनर लिए नन्हे- मुन्ने बच्चे, मतदान करो मतदान करो का नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक कर रहे थे। रैली के समापन अवसर पर एकत्र ग्रामीण और बच्चों को संबोधित कर बीडीओ व अध्यापकों ने अपील किया कि उनके इस मतदान केंद्र में शत-शत मतदान करने के लिए सभी स्कूली बच्चे मतदान के दिन घरों में जाकर अलख जगाएंगे। उन्होंने पहले मतदान बाद में जलपान का नारा दिया। इस मौके पर सभी स्कूली बच्चे, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।



छात्रा का स्वागत करते विद्यालय के प्रबंधक व प्रिंसिपल। अमृत विचार

### किसान की पुत्री का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

मुस्करा (हमीरपुर)। कस्बे में संचालित हिट एकेडमी विद्यालय में पढ़ाई कर रही छात्रा ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने घर परिवार एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के प्रबंधक ने चयनित छात्रा को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। कस्बा में राठ रोड पर स्थित हिट एकेडमी की प्रिंसिपल रीना राजपूत ने बताया कि इस वर्ष की नवोदय विद्यालय की परीक्षा में उनके विद्यालय की होनहार छात्रा डिपेन्सी राजपूत पुत्री तेज प्रसाद राजपूत ने नवोदय विद्यालय की एडमिशन परीक्षा दी थी। जिसमें वह चयनित हुई, उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय से विगत वर्षों में एक दर्जन से ज्यादा छात्र-छात्राएं नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण का चयनित हुए है। हिट एकेडमी विद्यालय के प्रबंधक जय राजपूत ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को सर्वांगीण विकास की शिक्षा दी जाती है और विभिन्न प्रकार की गतिविधियां विद्यालय में आयोजित होती है। वहीं नवोदय विद्यालय की परीक्षा में चयनित हुई छात्रा के पिता तेज प्रताप राजपूत ने कहा कि वह एक साधारण किसान है और उनकी बच्ची ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास कर उनका मान बढ़ाया है।



सुमेरपुर कस्बे में बंद दुकानें। अमृत विचार

### व्यापारी की मौत पर कपड़ों का बाजार बंद

सुमेरपुर(हमीरपुर)। चित्रकूट में हुए हादसे में बहन के साथ जान गंवाने वाले रेडीमेड व्यापारी धर्मेंद्र उर्फ तनिष्क सोनी के शोक में कस्बे का रेडीमेड बाजार बंद रहा। घटना की सूचना पाकर कई व्यापारी चित्रकूट पहुंचे हैं। कस्बे में पुराने स्टेट बैंक के सामने वाली गली में रहने वाले रेडीमेड व्यापारी धर्मेंद्र उर्फ तनिष्क सोनी बहन का उपचार कराने चित्रकूट के जानकी कुंड जा रहे थे। तड़के हादसे में जान गंवाने की सूचना मिलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

### स्नातक व स्नातकोत्तर के परीक्षा फार्म की अंतिम तिथि 10

हमीरपुर। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की है। यह जानकारी देते हुए ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डा.स्वामी प्रसाद ने बताया कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर पर संचालित बीए, बीएससी, बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित एमए, एमएससी के द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गयी है। उक्त तिथि के पश्चात विलम्ब शुल्क सहित परीक्षा आवेदन भरे जा सकेंगे। छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथि के पूर्व महाविद्यालय में संपर्क कर अपने परीक्षा फॉर्म पूर्ण करा ले।

### दुष्कर्म और छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

मौदहा। बीते साल दर्ज दुष्कर्म और छेड़छाड़ सहित दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गाजियाबाद जनपद निवासी गणेश प्रसाद साहू पुत्र बाबूलाल को सोमवार देररात कोतवाली पुलिस ने नेशनल हाईवे पर स्थित बड़े चौराहे से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में दहेज उत्पीड़न सहित दुष्कर्म और छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# हिंसक पशु के डर से नहीं कर पा रहे कटाई

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

- दर्जन भर भेड़, बकरियों को बना चुका है निवाला

**अमृत विचारः** हिंसक पशु की दस्तक से ग्रामीणों में खासी दहशत व्याप्त हो गई है। हिंसक पशु के डर के कारण गांव के किसान रात में अपनी फसलों की कटाई व मडाई नही कर पा रहे हैं। बताया गया है कि हिंसक पशु एक पखवाड़े के अंदर पशुपालकों की आधा दर्जन से अधिक भेड़, बकरियों का शिकार कर चुका है।

कोतवाली क्षेत्र में केन नदी किनारे बसे गौर और शिवपुर गांवो में अज्ञात हिंसक पशु आये दिन पालतू जानवरों पर हमला कर अपना शिकार बना लेता है। जिससे पशुपालकों और किसानों में दहशत का माहौल बन गया है। डर के कारण खेतो में पकी खड़ी गेंहू, चना, सरसो आदि फसलों की रात में कटाई नही कर पा रहे हैं। किसान शाम होते ही घर लौट आते हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गौर गांव के रमाकांत यादव की दो बकरी, एक भेड़,गुड्डू केवट का एक बकरा, छोटे यादव और सिपाही लाल की दो-दो बकरियों और शिवपुर गांव के किशोरी केवट की एक बकरी को खेतों में चरते समय हिंसक पशु शिकार कर अपना निवाला बना चुका है। गांव के रामदीन यादव, अवधेश, दिग्विजय सिंह, लालमन आदि ने बताया कि अपने जानवर और बकरी चराने गए चरवाहों की मौजूदगी में शिकार किया गया है। बताया कि देखने में बाघ की तरह दिखता है। पनगरा गांव के ग्राम प्रधान जगदीश प्रसाद यादव ने बताया कि गौर और शिवपुर गांवो के कई ग्रामीणों द्वारा केन नदी किनारे मटिहा पहाड़ के इर्द गिर्द एक माह से हिंसक जानवर होने की जानकारियां दी जा रही हैं। इस स्थिति के कारण खेती की कटाई का काम प्रभावित हो रहा है। वहीं वन विभाग के सेक्शन अधिकारी डीएन द्विवेदी ने बताया कि गौर शिवपुर के जंगल में हिंसक जानवर नही है। यहां लकड़बग्घा काफी संख्या में पाए जाते हैं।

## ग्रामीण बोले, मंदिर और मजार के पास नहीं खोला जाए शराब ठेका

**कालपी (जालौन)।** नगर के मोहल्ला इंद्रानगर में घनी बस्ती के बीच व चंद कदमों की दूरी पर मंदिर और मजार स्थित होने के बावजूद सरकारी देशी शराब का ठेका खोले जाने की जानकारी से आक्रोशित मोहल्लेवासियों ने एसडीएम से मामले की शिकायत की है। नगर के मोहल्ला इंद्रानगर निवासी दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी कालपी हेमन्त पटेल के समक्ष शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि इंद्रानगर स्थित घनी बस्ती के बीच किशनलाल के मकान में कजरारे यादव ठेकेदार के द्वारा देशी शराब का ठेका खोला जा रहा है।

# ट्रक के नीचे सो रहे खलासी की कुचलकर हुई मौत

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- जलालपुर थानाक्षेत्र के रिरुआ बुजुर्ग गांव में हुई घटना

**अमृत विचार।** जलालपुर थानाक्षेत्र रिरुआ बुजुर्ग गांव में मंगलवार को ट्रक के नीचे सो रहे क्लीनर (खलासी) की कुचलकर मौत हो गई।

जलालपुर थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया एक ट्रक रिरुआ बुजुर्ग में बेतवा नदी में संचालित खंड संख्या दो में मौरंग लेने गया था। मौरंग भरने में देरी होने पर चालक ट्रक खड़ा कर चाय पीने लगा। वहीं खलासी ट्रक के नीचे लेट गया। थोड़ी देर बाद चालक ने ट्रक में मौरंग भरने के लिए ट्रक आगे बढ़ा दिया। जिस पर जालौन जनपद के कालपी थाना के इमिलिया खुर्द निवासी शैलेन्द्र पाल (27) के ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों द्वारा शोर मचाने पर चालक को घटना की जानकारी हुई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रक को थाने में खड़ा कराया है। अभी तहरीर नहीं आई है।

## सार-संक्षेप



मनकी कला गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

### रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के उमराहट और मनकी कला गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की नेतृत्व में उमराहट और मनकी कला गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदी तथा स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया। बीडीओ ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें। मतदाता जागरूकता रैली में ब्लॉक मिशन प्रबंधक मयंक सिंह, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते मंडलायुक्त व डीआईजी। अमृत विचार

### आचार संहिता का उल्लंघन न होः मंडलायुक्त

**हमीरपुर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, निर्भीक एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं डीआईजी अजय कमार सिंह ने कन्ट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मंडलायुक्त ने सी–विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों को देखा और समयबद्ध निस्तारण किये जाने के लिए आदेशित किया। डीसीसी में प्राप्त कुल 36 शिकायतों के निस्तारण प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। सोशल मीडिया तथा एमसीएमसी की जानकारी ली। चुनाव से संबंधित यदि किसी भी प्रकार की शिकायत आती है तो उसका त्वरित समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, उपजिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम व अभिमन्यु कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिना अनुमति सपा कार्यालय खोला,दो के खिलाफ रिपोर्ट

**राठ (हमीरपुर)।** सपा द्वारा खोले गए पार्टी कार्यालय की अनुमति नहीं ली गई। इस मामले में उडनदस्ता मजिस्ट्रेट ने दो लोगों के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे में जलालपुर रोड पर शिवरतन पुत्र बूला सिंह के मकान में समाजवादी पार्टी का चुनावी कार्यालय कुछ दिन पूर्व खोला गया था। लेकिन सपा के कार्यकर्ताओं ने इसकी अनुमति प्रशासन से नहीं ली। इस मामले की सूचना पर सोमवार को उडनदस्ता मजिस्ट्रेट विनोद कुमार अपने स्टाफ के साथ जांच पड़ताल करने पहुंचे। वहां पाया कि सपा का चुनावी कार्यालय बिना अनुमति के संचालित हो रहा है। जिस पर उनके प्रार्थना पत्र पर कोतवाली राठ में अजय कुमार और शिवरतन के विरुद्ध धारा 171 एच भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## एक नजर

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार हुआ

**मौदहा।** चित्रकूट जनपद के बनवारीपुर निवासी कन्हैया पुत्र चंद्र पाल कुचबंदिया को कोतवाली पुलिस ने रीवन और गहबरा के मध्य सोमवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा और जब आरोपी को पकड़ कर पूछताछ एवं तलाशी ली तो उसके कब्जे से तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### आरटीओ ने बनाया चालान

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोना रोड पर बगैर कागज के टैक्सी चला रहे एक व्यक्ति को आरटीओ ने पकड़ा तथा कार्रवाई कर टैक्सी को कोतवाली में खड़ा कराया। नगर के लोना रोड पर बगैर कागजात के टैक्सी चला रहे चालक को पी टी ओ ने पकड़ा, इसके चालक के पास कागजात न होने पर उसका चालान कर गाड़ी को कोतवाली में खड़ा करा दिया।

### झगड़ा कर रहे आरोपी का पुलिस ने चालान किया

**जालौन।** नगर की मोहल्ला हृदेशाह में शराब पीकर युवक के साथ झगड़ा कर रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा तथा कार्रवाई कर चालान किया। नगर के मोहल्ला हिर्देशाह में शराब पीकर अवधेश कुमार तथा पंकज कुमार को नशे की हालत में पड़ोसियों से गाली गलौज तथा झगड़ा कर रहे थे, तभी मुहल्ले वालों ने इसकी सूचना पुलिस में दी मौके पर पहुंची पुलिस ने अवधेश को पकड़ लिया तथा पंकज मौके से भाग गया पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की तथा अवधेश का चालान किया।

# ट्रामा सेंटर : रात में मरीजों को इलाज की जगह मिलती दुत्कार

## पैथोलॉजी तक हावी अव्यवस्थाएं, चारों तरफ गंदगी का अंबार, रेफर सेंटर बनकर रह गया

कार्यालय संवाददाता,बांदा


पैथोलॉजी में लगा गंदगी का ढेर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल और ट्रामा सेटर में अव्यवस्थाओं का बोलाबाला है। रात को ट्रामा सेंटर में मरीजो को इलाज की जगह दुत्कार मिलती है। डॉक्टर के गुर्गे मरीजो को बाहर के इंजेक्शन लिखते है। तीमारदार ने इंजेक्शन लाने में आनाकानी की तो उनके साथ अभद्रता करते है। डॉक्टर उन्हें रेफर भी कर देते है। अस्पताल के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं।

जिला अस्पताल के डॉक्टर अपने चेबंरो में मेंडिकल स्टोर संचालक और रसूक रखने वाले युवको को बैठाकर मरीजो को बाहर की दवाएं लिखते है। जब कि जिला अस्पताल के औषधि वितरण कक्ष में सभी दवाएं मौजूद रहती हैं। कमीशन के चक्कर में तीमारदारों की जेब में खुले आम डाका डाला जा रहा है। जब की डॉक्टरो के बाहर खडे परमानेट कर्मचारियो ने प्राइवेट युवको को बैठाए जाने का विरोध किया था। इसकी शिकायत भी सीएमएस से की थी। लेकिन सीएमएस ने कोई कार्रवाई नही किया। इससे प्राइवेट युवको का मनो बल बढता जा रहा है।

यही हाल ट्रामा सेटर का है रात हो या दिन यहां पर तैनात डॉक्टर मरीजो जबरन सीटी स्कैन लिए देते है। इसना ही नही डॉक्टर के पास बैठे प्राइवेट युवक कमीशन के चक्कर में मरीजो को बाहर से पांच सौ से लेकर सात सौ तक का इंजेक्शन लिख रहे हैं। अगर मरीज के तीमारदारो ने रुपया न होने की बात कह कर इंजेक्शन लाने से मना कर दिया तो प्राइवेट युवक मरीजों के साथ अभद्रता करते है और उन्हे कानपुर या फिर रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर देते है। एंबुलेस संचालक डॉक्टरो से साठ गाठ करके मरीजो कानपुर ले जाते है।

इस संबध में सीएमएस डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि सफाई का पूरी तरह से ध्यान दिया जाता है। उन्हे सभी डॉक्टरो को निर्देश दिए है कि कोई भी डाक्टर बाहर की दवा नही लिखेगे। अगर बाहर की दवाए लिखी जा रही है तो वह इस मामले की जांच करवाएंगे।

### तीन दिनों से पैथोलॉजी में नहीं हुई साफ-सफाई

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में गंदगी का आलम है। तीन दिन से सफाई नही हुई है। पैथालॉजी के लैब टैक्टनीशियन संदीप, अमित ने बताया कि सफाई न होने से लैब में रखा ब्लड सैंपल बदबू दे रहा था। राउंड पर आने वाले जिम्मेदार भी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहे है। इतना ही नही एक्सरे विभाग के पास बने बाथरूमों से भी दुर्गंध उठ रही है।

### पैथोलॉजी में पानी से आ रही दुर्गंध

जिला अस्पताल की पैथालॉजी में लगी पानी की टंकी से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। जिससे कर्मचारियो और तीमादारों को साफ पानी नही मिल पा रहा है। पैथालॉजी के गंगा प्रसाद ने बताया कि लैब में आरओ प्लांट भी लगा है, लेकिन यहां का पानी पीने योग्य नहीं है। बताया कि टंकियो की सफाई काफी दिनों से नही हुई है। पैथालाजी के बाहर लगा फ्रीजर भी सो पीस बनकर रह गया है।

## गल्ला मंडी का निरीक्षण कर परखी गईं चुनाव की तैयारियां

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** मंगलवार को चित्रकूट धाम मंडल के आयुक्त एवं डीआईजी ने आला अफसरों के साथ नवीन गल्ला मंडी में बनने वाले स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टियों के रवाना होने वाले स्थल के साथ वाहन पार्किंग आदि स्थानों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर गल्ला तिलहन व्यापार संघ के उपाध्यक्ष ने आयुक्त को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

मंगलवार को अपराह्न 2:00 बजे चित्रकूट धाम मंडल बांदा के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अभय कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए नवीन गल्ला मंडी में बनने वाले स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टियों के रवाना होने वाले स्थान के साथ पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। व्यवस्था से दोनों अधिकारी संतुष्ट नजर आए और साफ- सफाई, पेयजल, प्रकाश, छाया आदि के पुख्ता इंतजाम करने की निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार,एडीएम न्यायिक डॉ. नागेंद्र यादव, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, एएसपी मायाराम वर्मा आदि रहे।

# विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए राहुल गांधी, सुनवाई 12 को

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

- केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

**अमृत विचारः** विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए।

बचाव पक्ष के वकील काशी प्रसाद शुक्ल ने वायनाड में राहुल गांधी के पर्चा दाखिला कार्यक्रम को लेकर मौके का प्रार्थना पत्र विशेष अदालत में दिया , जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध दर्ज कराते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी करने का प्रार्थना पत्र दिया।

विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव के अवकाश के होने के कारण सुनवाई के लिए 12 अप्रैल की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है।

राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें मंगलवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

# बुंदेलखंड में भी हाईकोर्ट बेंच की मांग

संवाददाता ,अतर्रा (बांदा)

- अपर सत्र न्यायाधीश ने अतर्रा बार पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते एडीजे। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तहसील परिसर में अतर्रा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि बार और बेंच की मजबूती से लोगों को न्याय मिलता है। लोगों को न्याय देने के लिए बुंदेलखंड में भी हाईकोर्ट की बेंच खुलनी चाहिए। सरकार सस्ता व सुलभ न्याय देने की बात तो करती है, लेकिन हाईकोर्ट की बेंच व जजों की संख्या बढ़ाने जैसे चुनावी मुद्दे नहीं बनाते।

तहसील अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) कमरूज्जमां खान ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमर सिंह राठौर समेत महासचिव राजेंद्र जाटव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुशवाहा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विकास सिंह, अर्जुन प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद कुशवाहा, संयुक्त सचिव (प्रशासन) लवकुश कुमार, गुप्ता संयुक्त सचिव (प्रशासन) संतोष कुमार, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) धीरेंद्र सिंह व वरिष्ठ सदस्य महेश प्रसाद मौर्य और कनिष्ठ सदस्य काशी प्रसाद तथा वरिष्ठ सदस्य द्वारपाल वर्मा व संतोष द्विवेदी को निष्ठा व ईमानदारी से पद के निर्वहन की शपथ दिलाई। अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि बार और बेंच सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के मजबूत रिश्ते से ही लोगों को न्याय मिलता है। उन्होंने बुंदेलखंड स्तर पर हाईकोर्ट की स्थापना के साथ ज्यादा से ज्यादा जजों की नियुक्ति की बात कही। अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) हेमंत कुमार कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र खत्म होता जा रहा है। अधिवक्ता समाज का नेतृत्व करने वाला है। अधिवक्ता समाज व राष्ट्र की सेवा करता है। इनका योगदान महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश बर काउंसिल पूर्व उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने अधिवक्ताओं के हित में हर कार्य करने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अधिवक्ताओं को सरकार से मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्व महासचिव मनोज द्विवेदी पूर्व चेयरमैन रामकिशोर तिवारी, जिला अधिवक्ता संघ पूर्व महासचिव ओमप्रकाश गौतम, बबेरू तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गुलाबचंद यादव, सुनील पांडेय, मनोज द्विवेदी, सूरज बाजपेई, बृजमोहन सिंह राठौर, राजेंद्र गुप्ता, श्यामबाबू गुप्ता, रामप्रसाद वर्मा, शिव भवन कुशवाह, लखन मिश्रा, विनय मिश्रा, धीरेंद्र सिंह आदि रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**सियासत** — केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना, कहा–ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग से वसूली करा रही केंद्र सरकार

# राशन देकर जनता से सभी अधिकार छीन रही भाजपा : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सत्ताधारी दल ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ का चंदा वसूला
- महंगाई से ध्यान हटाने के लिए केजरीवाल प्रकरण को कर दिया आगे


अखिलेश यादव।


सभा में मौजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विच

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि मुफ्त राशन देकर भाजपा सरकार जनता के सभी अधिकार छीन रही है। ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग के जरिए सरकार वसूली करा रही है। इसके अलावा चुनावी चंदा के नाम पर भाजपा ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ रुपये की वसूली की है।

मंगलवार को दोपहर सपा के जिला कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज, छिबरामऊ व तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली की सरकार के 10 और उत्तर प्रदेश के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, लेकिन कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल में केंद्र सरकार के इतने झूठ हैं कि गिना नहीं पाऊंगा। सपा मुखिया ने यह भी कहा कि ऐसी वसूली कभी नहीं देखी गई जो वर्तमान में पुलिस ने की है। भाजपा के लोग अंग्रेजी में जीरो टॉलरेंस इसलिए बोलते हैं कि गरीब लोग इसका मतलब न समझ सकें। उन्होंने मंच से सवाल दागे कि बुलंदशहर में डबल मर्डर, गाड़ी पलट जाने के बाद हत्या करना, जेल में जहर देना, तालग्राम में दंगे की साजिश व सपाइयों को फंसाना, क्या यही जीरो टॉलरेंस नीति है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों पहले तक विकसित भारत... कार्यक्रम के लिए शायद ही कोई ऐसा प्रधान बचा हो, जिससे 20-30 हजार रुपये न लिया गया हो। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड के नाम पर की गई वसूली की वजह से महंगाई बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ज्यादा मुनाफा लेना भी भ्रष्टाचार है। केंद्र सरकार डरा-धमकाकर रुपया वसूल रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजने का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलश यादव ने कहा कि इन कामों से दिल्ली में भाजपा की थू-थू हो रही है। महंगाई व बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए ही केजरीवाल का प्रकरण आगे कर दिया गया। चंदा वसूली के नाम पर खबरें न चलाने का आरोप लगाकर उन्होंने इलेक्ट्रानिक मीडिया को भी आड़े हाथों लिया।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# सियार के हमले से छह लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, उरई

● कदौरा थाना के अबरुआ डेरा गांव में घुसा, मवेशियों पर भी किया हमला

● मचा हड़कंप, ग्रामीण बोले पागल है सियार, खेतों में सियार के छिपने से भय बरकरार


अस्पताल में भर्ती घायल व्यक्ति।


घायल महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कदौरा थाना के अबरुआ डेरा गांव में एक सियार ने आधा दर्जन लोगों को काटकर घायल कर दिया। पहले उसने खेत पर काम कर रहे किसानों को काटा बाद में गांव में घुसकर लोगों और मवेशियों पर हमला कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सियार पागल है।

मंगलवार को खेत में सिंचाई कर रहे किसान शिवराम तथा महिला किसान इंदी को सियार ने काट लिया। ग्रामीण उसे कदौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए और भर्ती कराया। खेत में उक्त महिला और पुरुष किसान को काटने के बाद सियार गांव में घुस आया। आधा दर्जन लोगों तथा कई मवेशियों को उसने काट लिया।

इससे गांव में अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर सियार को गांव के बाहर निकालने का भरसक प्रयास किया। लोगों की भीड़ देखकर सियार गांव के आसपास के खेतों में गायब हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि सियार पागल हो गया है। ग्रामीणों ने सियार के डर से अपने-अपने बच्चों को घर के अंदर कैद कर लिया। ग्रामीणों में खौफ का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सियार अभी यहीं खेतों पर ही छिपकर बैठा है वह कभी भी किसानों, बच्चों और मवेशियों को नुकसान पहुंचा सकता है। ग्रामीण बोले खेतों पर गेहूं की फसल खड़ी हैं और कटाई का काम चल रहा है, ऐसे में सियार को शीघ्र ही नहीं पकड़ा गया तो वह किसी पर भी हमला कर घायल कर सकता है।

## आईपीएल में लग रहा सट्टा, कार्रवाई नहीं

**कालपी (जालौन)।** इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरू होते ही नगर व आसपास के क्षेत्रों में सट्टे का बाजार गर्म हो गया है। युवा मैचों में सट्टा लगाकर अपने अपना भाग्य अजमा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ऑफलाइन की बजाय अधिकांश सट्टा अब फोन कॉल व मैसेज के माध्यम से लगाया जा रहा है एवं ऑनलाइन ही जीत हार की रकम आदान प्रदान किये जाने के कारण स्थानीय पुलिस इन सटोरियों व सट्टा लगाने वालों पर कोई लगाम नहीं लगा पा रही है। 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ था। हालांकि कोतवाली पुलिस कभी कभार इन सटोरियों को पकड़ कर अपनी पीठ स्वयं थपथपा लेती है लेकिन सच्चाई यह है कि सट्टा बन्द होता ही नहीं हैं।

# कुठौंद में पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

संवाददाता कुठौद

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद जालौन के कस्बा कुठौंद में अर्ध सैनिक बल के जवानों के साथ जालौन क्षेत्राधिकारी राम सिंह यादव, उप जिलाधिकारी अतुल कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज व पुलिस बल ने मिलकर कस्बा में भ्रमणकर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया।आम जनमानस को जागरुक करते हुए उप जिला अधिकारी अतुल कुमार ने कहा की सभी लोग निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। और ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक किया। जालौन क्षेत्राधिकार राम सिंह यादव ने आम जनमानस को बताया कि जनपद में चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क है और उपद्रवियों को चिन्हित किया गया है। यदि कोई भी व्यक्ति उपद्रव करने की कोशिश करता है तो उसे प्रशासन गंभीरता से लेगा और उसके साथ कठोर से कठोर कार्रवाई करेगा। कुठौद थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज ने कहा कि क्षेत्र की जनता बेफिक्र होकर अपने मतदान का प्रयोग करे कोई भी समस्या आने पर तुरंत ही पुलिस को सूचित करें जिससे उपद्रह करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी उपद्रवी,व गलत अफवाह फैलाने वाले को बक्सा नहीं जायेगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उसके साथ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बिजली, पानी की समस्या, समाधान की मांग

**उरई (जालौन)।** नगर पालिका परिषद उरई के वार्ड–7 शांतिनगर के कांग्रेस सभासद माताप्रसाद अहिरवार ने मोहल्ले के लोगों की समस्या को देखते हुए वार्ड में पेयजल के कनेक्शन एवं विद्युत पोल लगवाये जाने की मांग की। सभासद माताप्रसाद अहिरवार ने बताया कि ठेकेदार समाधियां जो कि नगर पालिका परिषद उरई के ठेकेदार हैं जिन्होंने पानी की लाइन तो बिछायी है मगर मोहल्ले में कनेक्शन नहीं दे रहा है जिससे पीने के पानी की किल्लत लोगों को उठानी पड़ रही है। इसके अलावा लाइट के खम्मे तथा पानी के कनेक्शन करवाये की मांग प्रशासन से उठाई है। उन्होंने बताया कि सरकारी हैण्डपम्प जो लगे है वह खराब हैं। इसकी बजह से मोहल्ले के लोगों को पीने के पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि पानी की टंकी से ठेकेदार द्वारा सप्लाई चालू नहीं की जा रही है जबकि मोहल्ले के लोग कनेक्शन लेने को तैयार हैं।

### करमेर में 6 अप्रैल को लगेगा विधिक साक्षरता शिविर

**उरई (जालौन)।** विधिक सेवा समिति उरई द्वारा 6 अप्रैल 2024 को करमेर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर ग्राम पंचायत करमेर के सचिवालय भवन में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। इसमें टीम लीडर महेन्द्र कुमार मिश्रा, पीएलवी नामित किये गये हैं।

### दो कारें भिड़ीं, 6 लोग घायल

**उरई।** उरई शहर के जालौन चौराहे में हुए सड़क हादसे में आमने सामने से तेज रफ्तार से आ रही दो कारों में टक्कर हो गई। इस दौरान दोनों कारों में बैठे छह लोग घायल हो गए। दुकानदारों ने दुर्घटना ग्रस्त दोनों कारों में फंसे लोगों को बाहर निकाला, और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल 70 वर्षीय रामदीन, 45 वर्षीय शिवकरण तथा 18 वर्षीय शिवम समेत सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जिसमें तीन की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# 'भाजपा की तानाशाही से लोकतंत्र को बचाएं'

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी का चुनाव कार्यालय शुरू, मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)


इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।



पत्रकारवार्ता करते भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार तानाशाह हो गई है। इस सरकार से लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। यह बात मंगलवार को पूर्व मंत्री रामपाल ने कही। वह इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी लोकसभा जालौन, गरौठा, भोगनीपुर के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यालय कालपी रोड उरई जयसवाल टावर के पास खुला है। कार्यक्रम में सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार ने उपस्थित लोगों को तिलक लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर की अध्यक्षता में चुनाव कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेसी नेता रेहान सिद्दीकी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के नेताओं ने लोकतंत्र को बचाने, और तानाशाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। सभी नेताओं ने अपने संबोधन में गठबंधन के सपा प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, पूर्व मंत्री रामपाल, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री हरिओम उपाध्याय, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व विधायक सुरेंद्र सरसेला, पूर्व सांसद बृजलाल खबरी, पूर्व एमएलसी तिलकचंद अहिरवार, प्रदीप दीक्षित, हाजी अजहर बेग, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव, राजा केशवेंद्र सिंह, महेंद्र कठैरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, पूर्व विधायक दयाशंकर वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष कानपुर देहात बबलू राजा यादव, सपा जिलाध्यक्ष झांसी बृजेंद्र सिंह यादव, राघवेंद्र सिंह, मनु यादव, दीपू त्रिपाठी, लाखन सिंह कुशवाहा, कृष्ण गोपाल यादव, विक्रम यादव, माता प्रसाद पाल, समर सिंह गुड्डू, ज्ञानेंद्र निरंजन, जीवन प्रताप बाल्मीकि,जमालुद्दीन सहित सैकड़ों इंडिया गठबंधन सहित समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इंडिया गठबंधन घोटालों की बारात: भानुप्रताप वर्मा

**उरई (जालौन)।** अम्बेडकर चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की 140 करोड़ जनता का उनका परिवार हैं और मोदीजी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है। इंडिया गठबंधन तो घोटालों की बारात है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पूर्व विधायक कालपी छोटे सिंह चौहान, मनोज यादव सहायक मीडिया प्रभारी, अशोक राठौर लोकसभा मीडिया प्रभारी, शैलेंद्र सिंह राजावत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामपुरा, अवध द्विवेदी बब्बा, भगवतीशरण सहित कई नेता मौजूद रहे।

# अंकतालिका देकर किया पुरस्कृत

संवाददाता जालौन



सेवानिवृत्त शिक्षक को विदाई देते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय लौना ब्लॉक जालौन में वार्षिकोत्सव, परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे गए और अभिभावक गोष्ठी एवं सेवानिवृत्त हुए शिक्षक ओमनारायण दीक्षित को विदाई दी गई। सम्मान समारोह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन चन्द्र प्रकाश और खण्ड विकास अधिकारी जालौन प्रशांत कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जालौन प्रीति सिंह, जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्र, जिला मंत्री नरेश निरंजन, ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक, ब्लॉक मंत्री राघवेंद्र सिंह, जिला संघर्ष समिति के संयोजक नगेन्द्र सिंह, तहसील प्रभारी ब्रजेन्द्र दूरबार, जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव एवं ब्लॉक इकाई जालौन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्रामप्रधान अर्चना देवी, पूर्व प्रधान शिवेंद्र सिंह सेंगर, प्रसिद्ध समाज सेवी और शिक्षाविद डॉ नितिन मित्तल रिटायर्ड प्रअ देवेंद्र द्विवेदी कुसुम कुमारी, गोविंद नारायण, महा विद्यालय लौना के प्राचार्य मनोज बाथम, उप प्राचार्य पवन कुमार, भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के निवर्तमान अध्यक्ष पवन अग्रवाल, प्रेम कुमार गुप्ता बजाज, समाज सेवी महेंद्र सिंह सेंगर ने सभी का स्वागत और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा हम भी सरकारी स्कूल से ही पढ़कर यहां तक पहुंचे है और हमे ऐसे ही योग्य और समर्पित अध्यापकों ने पढ़ाया है और यहां के छात्र छात्राओं का सौभाग्य है कि आपको ऐसे ही अध्यापक मिले हैं। ओम नारायण दीक्षित को सेवानिवृत्त होने पर बधाई दी। बीडीओ जालौन ने भी अपना उद्बोधन दिया और बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समारोह में बीईओ प्रीति ने कहा कि मुझे बीएसए साहब ने जालौन ब्लॉक देकर बहुत अच्छा कार्य किया है मैने ब्लॉक में जितने विद्यालय देखे है सभी बहुत अच्छे हैं। कक्षा 6, 7, 8 में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्रा क्रमशः विवेक, नव्या देवी और स्नेहा कुशवाहा को मार्कशीट सहित शील्ड तथा उपस्थिति प्रतियोगिता में वर्ष में 221 दिन में 221 दिन विद्यालय आने वाली छात्रा स्नेहा कुशवाहा कक्षा 8, नव्या देवी कक्षा 7 और विवेक कक्षा 6 को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

# 12 विभागों के कर्मचारी देंगे बैलेट से वोट

कार्यालय संवाददाता उरई



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

● जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने जारी की विभागों की सूची

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने आवश्यक सेवाओं में नियुक्त कार्मिक में 12 विभागों को निर्वाचन आयोग द्वारा चिन्हित किया। इन्हे अनुपस्थित मतदाताओं की श्रेणी में माना गया है, जिन्हे पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की गई है। इसे लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कर्मचारी जो मतदान संबंधित ड्यूटी में लगे हैं उन कार्मिकों को बैलेट से मतदान की सुविधा दी जायेगी। उन्होने कहा कि चिन्हित प्रत्येक विभाग द्वारा विभागीय नोडल ऑफिसर नामित किया जाये। एवीईएस श्रेणी के मतदाताओं को फार्म-12डी भरकर अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अन्दर फार्म-12 डी सर्विस आईकार्ड अथवा विभागीय प्रमाण पत्र और एक आईडी के साथ रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त श्रेणी के कार्मिक हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर के लिये स्थान तिथि व समय निर्धारित कर बैलेट पेपर से मतदान कराये जाएंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, डीसी एनआर एलएम दिनेश यादव, अधीक्षण अभियन्ता आरके यादव, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम आदि मौजूद रहे।

# बिजली की चिंगारी से गेहूं की फसल जली

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** कदौरा थाना क्षेत्र के अभिरवा पाली गांव के किसान अर्जुन पुत्र लक्ष्मी के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में हाई टेंशन बिजली की लाइन से निकली चिंगारी से आग लग गई। इससे लगभग एक बीघा की फसल जल गई, आग की लपटें उठते देख ग्रामीणों ने बिजली पावर हाउस में फोन कर सूचना दी, और ग्रामीणों ने बाबूल की डालों से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान अर्जुन ने बताया कि गांव के नजदीक खेत होने के कारण अगर समय रहते विद्युत की आपूर्ति बंद नहीं होती तो गांव भी आग की चपेट में आ जाता। पीड़ित किसान ने बताया कि उसके पास खेती कम है इसीलिए साल भर के खाने के लिए इसी खेत में गेहूं की फसल बोई गई थी, जिसकी काफी फसल जल गई है, जिससे खाने के लिए गेहूं काम पड़ जायेगा। पीड़ित किसान ने फसल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है।


जली फसल दिखाता किसान। अमृत विचार

## ज्वैलर्स की दुकान पर हुई टप्पेबाजी का किया खुलासा

**उरई।** कोंच कोतवाली पुलिस ने एक हफ्ता पूर्व ज्वैलरी की दुकान से दो महिलाओं द्वारा टप्पेबाजी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से चोरी और टप्पेबाजी के माल की बरामदगी भी कर ली है।

कोंच कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम के संयुक्त प्रयास से सीसीटीवी में कैद महिला व उसके सहयोगी राकेश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मालूम रहे कि एक हफ्ता पूर्व दो महिलाएं कोंच बाजार में स्थित सर्राफा की दुकान में टॉप्स खरीदने के बहाने पहुंची थीं, दुकानदार को चकमा देकर एक लाख कीमत के टॉप्स की चोरी कर ली थी। पुलिस ने गिरफ्तार महिला की दूसरी साथी महिला की तलाश तेज कर दी है।

## अवैध शराब सहित पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**कालपी जालौन।** पुलिस ने भारी मात्रा में कच्ची शराब सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। सूचना मिलने पर उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह की टीम ने खैरई गौशाला के पास घेराबंदी करके आरोपी युवक महेश कुमार पुत्र संतोष कुमार थाना कालपी को 40 लीटर कच्ची शराब सहित पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि युवक के खिलाफ पुलिस आबकारी अधिनियम 60 के अंतर्गत मुकदमे दर्ज करके चालान कर दिया है। बताते हैं कि आरोपी अवैध तरीके से शराब को बेचने के लिए ले जा रहा था। तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

धर्म- अध्यात्म | शीतला माता के मंदिरों में सुबह से उमड़ी महिलाओं की भीड़

# अष्टमी पर खाया बासी खाना

कार्यालय संवाददाता उरई


शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंची महिलाएं।

**अमृत विचार।** जिले भर में मंगलवार को शीतला अष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मन्दिर में पूजा करने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी वहीं घरों में परंपरानुसार बासी खाना खाया गया। उरई शहर के शीतला माता मंदिर में अष्टमी पर महिलाओं ने माता शीतला की पूजा अर्चना की। मान्यता है कि चैत्र कृष्णपक्ष की अष्टमी यानि शीतला अष्टमी के दिन शीतला माता की पूजा अर्चना करने से परिवार में चेचक जैसी बीमारी नहीं होती है और एक दिन पहले का बना बासी खाना खाने की परंपरा है। इसके अनुसार महिलाओं ने शीतला देवी मंदिर पहुंचकर पूजा की और देवी मां से परिजनों को

### शीतला माता की पूजाकर मांगी निरोगी काया

**कालपी।** चैत्र माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतला अष्टमी का पर्व मनाया गया। शीतला अष्टमी का त्योहार होली के ठीक आठ दिन बाद मनाया जाता है। इस दिन माता शीतला को बसौड़ा (बासी पकवान) का भोग लगाया जाता है। मंगलवार को महिलाओं ने माता शीतला का पूजन किया। मान्यता है कि माता शीतला मनुष्य के सभी रोगों को नष्ट करती हैं व इस दिन माता शीतला का पूजन करने से कई तरह के दुष्प्रभावों से भक्तों को मुक्ति मिलती है।

# नंदनवन में 8 हजार पौधे तैयार, 14 लाख लगेंगे

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** नगर की वन विभाग नर्सरी में गत वर्ष नन्दन वन में क्षेत्रीय विधायक द्वारा लगवाये गये 8 हजार वृक्षों को पाल-पोस कर तैयार किया गया तथा इस वर्ष 4 नर्सरी में 14 लाख 247 पौध लगाने की तैयारी में विभाग जुटा हुआ है। वन विभाग कालपी के रेन्जर संजय यादव के मुताबिक डीएफओ प्रदीप यादव के निर्देशन में इस वित्तीय वर्ष में नये लक्ष्य के रूप में व्यास नर्सरी में 85 हजार 300 पौधे, सुल्तानपुर नर्सरी 1 लाख 10 हजार पौधे, आलमपुर नर्सरी में 1 लाख पौधे तथा सोहरापुर नर्सरी 3 लाख 90 हजार नई पौध तैयार की जा रही है। वहीं पुरानी पौध 7 लाख 945 पौध समेत कुल 14 लाख 247 पौध जिसमें कट सागौन, सागौन, शीशम, चिलबिल कन्जी, अमरूद, अनार, नीबू, पीपल, पाखर, बरगद आदि की तैयारी की जा रही है।


नंदनवन में तैयार पौधे दिखाते रेंजर। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र सुरेंद्र कुमार उर्फ रिंकू को गलत चाल –चलन के कारण अपनी समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके किसी भी कार्य व्यवहार से मेरा कोई लेना–देना नहीं है। **रामसूरत पुत्र कृपाराम मोहल्ला– भगवती गंज वार्ड नंबर 5 बलरामपुर**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **अब्दुल अलीम पुत्र मोहम्मद नसीम, निवासी–छुहियापुरवा, सहारा स्टेट, जानकीपुरम, लखनऊ,** मेरा पुत्र सेन्ट थामस मिशन स्कूल सेक्टर–एच. जानकीपुरम लखनऊ में कक्षा–8वीं का छात्र है। उसका नाम विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवश MOHAMMED AQIB तथा उसकी माता का नाम SHAHNAZ BANO दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम MOHAMMAD AQIB तथा उसकी माता का नाम SHAHANAJ BANO है।

### सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD ISRAİL MEKRANI S/o ABDUL HAMEED MEKRANI था। जो कि मैने आज दिनांक 02.04.2024 से अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ISRAIL S/O ABDUL HAMEED रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। निवासी– मोहल्ला सलारगंज, थाना– दरगाह शरीफ जनपद– बहराइच

### सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद वसी पुत्र गुलाम नबी, निवासी– मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर,** मेरा **जन्म दिनांक 09/11/1980 को मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर** में हुआ था पुत्री की माता का नाम नूर फातिमा है। आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी । यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

### सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री आकांक्षा मिश्रा उर्फ आकांक्षा दुबे पत्नी श्री अनुराग दुबे वर्तमान पता– 568ख(92) गीतापल्ली आलमबाग, लखनऊ के गलत व्यवहार व आचरण के कारण मैंने अपनी पुत्री से सारे रिश्ते समाप्त कर उसे अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **अतुल कुमार मिश्रा पुत्र भोमेश्वर मिश्रा निवासी– ए–1/10 जलवायु विहार फेस–2, मानसरोवर योजना कानपुर रोड, लखनऊ।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मुझे पहले राधिका अनुज कुमार दूबे के नाम से जाना जाता था अब भविष्य में मुझे राधिका पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाएगा। निवासी–राधिका पाण्डेय पत्नी भूपेंद्र कुमार पाण्डेय ग्राम– हसुई मुकुंदपुर, भवानीगढ़ जिला सुल्तानपुर/अमेठी पिन कोड– 227806

### सूचना

सूचित हो कि मैं **गजाधर ठाकुर पुत्र करूणानीधान ठाकुर, निवासी– म.न. 129स, राम नगर, कालोनी, रिवतापुर, निलमथा, निकट– स्काई लॉक स्कूल, निलमथा, लखनऊ कैन्टोमेन्ट, पोस्ट–दिलकुशा जिला–लखनऊ–226002,** मैं पूर्व में हनुमान टोला आरा, वालीगंज, भोजपुर बिहार–802301 के पते पर निवास करता था अब मै वर्तमान में म.न. 129स, राम नगर, कालोनी, रिवतापुर, निलमथा निकट स्काई लॉक स्कूल, निलमथा, लखनऊ कैन्टोमेन्ट, पोस्ट–दिलकुशा जिला–लखनऊ–226002,यू0पी0 में निवास कर रहा हूँ। यही पता सभी आवश्यक कागजातों में माना जाय व दर्ज किया जाय ।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद वसी पुत्र गुलाम नबी, निवासिनी– मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर,** मेरी पुत्री गौसिया वसी का **जन्म दिनांक 19/09/2008 को निज निवास मकान न0– 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर** में हुआ था पुत्री की माता का नाम हस्मतुन निशा है आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी । यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **कुरैशा पत्नी छेद्दू पुत्री छेद्दू, निवासिनी– मकान न0– 36, ए0 पन्ना चक्की के पास उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर,** मेरा जन्म दिनांक 11/08/1970 को निज निवास मकान नं0–36ए0 पन्ना चक्की के पास उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर में हुआ था पुत्री की माता का नाम इद्दो है। आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी । यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

